वर्ष-10, अंक-149
इन्दौर, गुरुवार
29 अगस्त 2024
पृष्ठ 8, मूल्य 2 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761

इन्दौर प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

**चाणक्य नीति**

झूठ बोलना, उतावलापन दिखाना, दुस्साहस करना, छल-कपट करना, मूर्खतापूर्ण कार्य करना, लोभ करना, अपवित्रता और निर्दयता - ये सभी स्त्रियों के स्वाभाविक दोष हैं।
चाणक्य उपर्युक्त दोषों को स्त्रियों का स्वाभाविक गुण मानते हैं।
-चाणक्य



# सकारात्मक सोच से उद्योगों के विकास का समन्वित प्रयास : मुख्यमंत्री

## ग्वालियर आरआईसी में प्राप्त हुए 8 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में उद्योगों के विकास के लिए अनुकूल नीतियों और वातावरण के साथ प्रशासनिक स्तर पर भी स्वागत व अभिनंदन का भाव रहेगा। प्रदेश में सकारात्मक सोच के साथ औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। ग्वालियर आरआईसी में 8 हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इससे 35 हजार से अधिक रोजगार के नवीन अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर 1586 करोड़ रूपए की लागत से प्रदेश में 47 नई औद्योगिक इकाइयों का सिंगल क्लिक से भूमिपूजन और लोकार्पण किया। यह कॉन्क्लेव विरासत, इतिहास और उद्योग की थीम पर केन्द्रित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीजनल कॉन्क्लेव मात्र कहने के लिये रीजनल हैं, हकीकत में यह कॉन्क्लेव राज्य स्तरीय है। इन औद्योगिक इकाइयों के प्रारंभ होने से स्पंदन पूरे प्रदेश में होना है। मंच पर 5 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन पत्र भी प्रदान किए गए। इसके साथ ही ग्वालियर-चंबल जिले के 8 जिला स्तरीय इंडस्ट्री फेसिलिटेशन सेंटर का शुभारंभ किया गया। ये केन्द्र ग्वालियर, मुरैना, भिंड, श्योपुर, शिवपुरी, दतिया, गुना और अशोकनगर में आज से ही प्रारंभ हो गए हैं। कॉन्क्लेव में मेक्सिको, जाम्बिया के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर में निजी क्षेत्र में बड़ा चिकित्सालय भी खोला जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कॉन्क्लेव के आयोजन के पीछे यह भाव भी है कि उद्योगपति प्रदेश की विशेषताओं को आकर स्वयं देखें और मध्यप्रदेश में उद्योग स्थापना का निर्णय लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज ग्वालियर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अन्य अतिथियों के साथ इस वर्ष की तृतीय रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का ग्वालियर में दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि विश्वविद्यालय परिसर में राजमाता श्रीमती विजयाराजे सिंधिया की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। साथ ही सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के उद्योग विकास की संभावनाओं पर केन्द्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अनुकूलता से उद्यमशीलता का विकास और तीव्र गति से संभव है। उद्योग और निवेश की दृष्टि से ग्वालियर प्रमुख केंद्र रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने इंदौर की हुकुमचंद मिल के श्रमिकों को मुआवजा राशि दिलवाने का कार्य किया गया है। यह कार्य अनेक वर्ष से लंबित था। रुग्ण औद्योगिक इकाइयों की समस्याएं भी हल होना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब ऐसे अन्य मामलों के लिए जरूरी निर्णय लिए जाएंगे। जे.सी. मिल ग्वालियर की समस्या भी हुकुमचंद मिल की तर्ज पर हल की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से हमें सुशासन कर्म और धर्म के लिए कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर चिकित्सा और हेल्थ सेक्टर में ग्वालियर में एक निजी क्षेत्र का बड़ा अस्पताल प्रारंभ करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर-चम्बल क्षेत्र में 4 नये औद्योगिक पार्क खोले जाने की घोषणा की। इसमें गुना के चेनपुरा में 333 हेक्टेयर, ग्वालियर जिले के मोहना में 210 हेक्टेयर, मुरैना के मवई में 210 हेक्टेयर और शिवपुरी के गुरावल में 30.64 हेक्टेयर में औद्योगिक पार्क विकसित किये जायेंगे। साथ ही मुरैना जिले के औद्योगिक क्षेत्र सीतापुर में पुलिस चौकी और औद्योगिक क्षेत्र बामोर में फायर स्टेशन की स्थापना की जायेगी। केन्द्रीय संचार और पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर में उद्योग की अलख जगाने का कार्य किया है। इस अंचल के प्रत्येक नागरिक के दिल में उन्होंने स्थान बना लिया है। ग्वालियर अंचल में अधोसंरचना और निवेश की शुरुआत वर्षों पहले की गई। वर्तमान में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की क्षमताओं के अनुकूल प्रदेश को राष्ट्रीय पटल पर लाने का कार्य किया है। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की पहल करने वाले वे पहले मुख्यमंत्री हैं। श्री सिंधिया ने कहा कि प्रदेश में 6 माह की अवधि में एक लाख 84 हजार करोड़ रूपए का निवेश आना सामान्य बात नहीं है। निश्चित ही ग्वालियर-चंबल क्षेत्र की तस्वीर नए-नए उद्योगों के आने से बदल जाएगी। श्री सिंधिया ने विभिन्न सेक्टर में उद्योगों के विकास की संभावना पर भी प्रकाश डाला।

विधानसभा अध्यक्ष श्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 10 वर्ष में भारत की साख में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हुई है। विकास में समग्रता को अपनाया गया है। भारत विश्व की 5वीं अर्थव्यवस्था है, अब तीसरी अर्थव्यवस्था बने इस संकल्प से कार्य हो रहा है। विधासभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि ग्वालियर की पावन धरा पर इस कॉन्क्लेव का आयोजन महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में संतुलित और समग्र विकास के लिए प्राण-पण से जुटे हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सभी क्षेत्रों में कार्य आवश्यक होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गांव, गरीब, नारी, किसान सभी की चिंता कर रहे हैं। इसके साथ ही वे उद्योग और व्यवसाय के विकास के लिए भी चिंतित हैं। मध्यप्रदेश सरकार रोजगार और अर्थव्यवस्था मजबूत बनाने की चुनौती को स्वीकार कर निरंतर कर रही है।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चैतन्य काश्यप ने कहा कि सम्पूर्ण प्रदेश में औद्योगीकरण के लक्ष्य से कॉन्क्लेव आयोजित की जा रही है। प्रत्येक जिले में युवाओं को उद्यमी बनाया जा रहा है। वर्तमान में पारदर्शी प्रक्रिया लागू की गई है। मध्यप्रदेश उद्योगों को सर्वाधिक अनुदान देने वाला प्रदेश है। प्रदेश में लघु उद्यमियों को प्रोत्साहन राशि उनके खातों में अंतरित की गई है।

**उद्योगपतियों ने क्या कहा**

अडानी समूह के श्री करण अडानी ने कहा कि ग्वालियर में यह कॉन्क्लेव आर्थिक प्रगति को बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में अनेक क्षेत्रों में नए उद्योग आ रहे हैं। अडानी ग्रुप प्रदेश में गुना और शिवपुरी में दो नई औद्योगिक इकाइयां प्रारंभ करेगा। शिवपुरी में 2500 करोड़ रूपए की लागत से रक्षा क्षेत्र में, गुना में 500 करोड़ रूपए की लागत से सीमेंट ग्राइडिंग यूनिट और बदरवास में जैकेट निर्माण इकाई शुरू की जाएगी। बदरवास इकाई से महिलाओं को बड़ी संख्या में रोजगार मिलेगा। यह निर्मित जैकेटविश्व के कोने-कोने तक जाएगी।

रिलायंस समूह के उपाध्यक्ष श्री विवेक तनेजा ने कहा कि मध्यप्रदेश में समूह द्वारा बायो गैस और एनर्जी जनरेशन क्षेत्र में निवेश का विचार है। ट्रोपोलाइट के एमडी श्री पुनीत डॉवर ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में निवेश प्रस्ताव की जानकारी दी। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल से बेंगलुरू से लेकर ग्वालियर तक हुई इन्वेस्टर्स समिट और इंडस्ट्री कॉन्क्लेव को रोजगार वृद्धि में सहायक बताया। उद्योगपतियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण हो रहा है। श्री डॉवर ने गत 50 वर्ष के उद्योग क्षेत्र के अपने अनुभवों की भी चर्चा की। श्री डॉवर ने 100 करोड़ के निवेश मंतव्य की जानकारी दी जिससे करीब 500 महिलाओं को रोजगार मिलेगा।

प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन श्री राघवेन्द्र कुमार सिंह ने बतायाकि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में 121 बैठकें की हैं। भोपाल में आगामी 7-8 फरवरी 2025 को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारी की जा रही है। प्रदेश में निवेश आ रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पिछले दिनों में विभिन्न 51 औद्योगिक इकाइयों का वर्चुअल शुभारंभ किया हैं। इससे लगभग 8300 व्यक्तियों के लिए रोजगार सृजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर, ग्वालियर, चंबल के उद्योगपतियों से चर्चा की है। प्रमुख सचिव श्री सिंह ने उद्योग हितैषी नीतियों संशोधित श्रम नीतियों और ग्वालियर, चंबल संभागों में उद्योगों की प्रगति की संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी।

प्रमुख सचिव पर्यटन श्री शिवशेखर शुक्ला ने पर्यटन क्षेत्र में विकास की संभावनाओं पर प्रेजेंटेशन दिया। बताया गया कि प्रदेश में यूनेस्को की 14 हेरिटेज साइट हैं, जिसमें 3 स्थायी सूची में है।

## निजी एफ एम रेड़ियो के 734 चैनलों की नीलामी को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सरकार ने अलग अलग भाषाओं विशेष रूप से मातृ भाषा में कार्यक्रमों को बढावा देने के उद्देश्य से 234 शहरों में 730 निजी एफ एम चैनलों के लिए नीलामी की मंजूरी दे दी है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक के बाद एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह मंजूरी निजी एफएम रेडियो के तीसरे चरण की नीति के तहत दी गयी है।

# भारत ने 73 हजार अमेरिकी राइफल्स का ऑर्डर दिया

### 837 करोड़ में डील हुई; 2019 में 647 करोड़ में 72,400 राइफल्स मंगाई थीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने अमेरिका से 73,000 सिग सॉ (SiG Sauer) असॉल्ट राइफल्स का दूसरा ऑर्डर दिया। सिग सॉ ने यह जानकारी दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस डील को भारत ने 837 करोड़ रुपए में साइन किया है। इससे पहले फरवरी 2019 में फास्ट-ट्रैक खरीद के तहत भारत ने 647 करोड़ रुपए में 72,400 SiG-716 राइफल्स का ऑर्डर दिया था। राइफल्स की दूसरी खरीद को दिसंबर 2023 में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अगुआई में डिफेंस एक्विजिशन काउंसिल (DAC) ने मंजूरी दी थी। इसकी डिलीवरी के बाद भारतीय सेना के



पास 1.45 लाख से ज्यादा SiG-716 असॉल्ट राइफल्स हो जाएंगी। 2018-19 में राइफल्स की बढ़ती जरूरत के लिए भारत ने रूस से AK-203 राइफल्स का ऑर्डर दिया था, लेकिन इनके मिलने में देरी के चलते भारत ने फरवरी 2019 में अमेरिकी फर्म सिग सॉ से डील की थी। पहले लॉट में आई 72,400 राइफल्स से सेना को 66,400, एयरफोर्स को 4,000 और नेवी को 2,000 राइफल्स दी गई थीं। ये धीरे-धीरे इनसास राइफल की जगह लेंगी।

### गुजरात के 13 जिलों में 200mm से ज्यादा बारिश

# 18 जिलों में बाढ़; 15 की जान गई, सेना तैनात

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

गुजरात के 13 जिलों में पिछले 24 घंटे में 200 मिमी से ज्यादा बारिश हुई। 18 जिलों में बाढ़ के हालात हैं, 5 जिलों राजकोट, आणंद, मोरबी, खेड़ा, वडोदरा और द्वारका में सेना को तैनात किया गया है। गुजरात में बाढ़-बारिश के चलते पिछले 3 दिनों में 15 लोगों की मौत हो गई। 23 हजार लोगों को रेस्क्यू किया गया है। 50 ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं। अहमदाबाद, राजकोट, बोटाद, आणंद, खेड़ा, महिसागर, कराच और मोरबी में प्राइमरी-सेकेंडरी



स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी कर दी गई है। बुधवार और गुरुवार को सौराष्ट्र और कच्छ में बेहद भारी बारिश का अनुमान है। उत्तर प्रदेश में भी लखनऊ-आगरा समेत 10 जिलों में बारिश हो रही है। वाराणसी में इतनी बारिश हुई कि सड़कों पर खड़ी गाड़ियां डूब गईं। पिछले 24 घंटे में 40 जिलों में 4.7mm बारिश हुई है। बलिया में सरयू नदी खतरे के निशान से 1 मीटर ऊपर बह रही है।

### गुजरात में 100% से ज्यादा बारिश, 2 दिन रेड अलर्ट

सरकार के आंकड़ों के मुताबिक गुजरात में बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। कच्छ, सौराष्ट्र और दक्षिण गुजरात में सालाना औसत बारिश का आंकड़ा 100 प्रतिशत से ज्यादा हो गया है।

राज्य के 76 बांध और तालाब 100% भरे हुए हैं। ढ्ढस्ठ ने बताया है कि सौराष्ट्र-कच्छ में 2 दिन तक बारिश का रेड अलर्ट है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी बारिश का दौर जारी रहेगा। 40-60 किमी/घंटे की रफ्तार से हवा भी चल सकती है। कई जिलों में बिजली गिरने का भी अलर्ट है। गुजरात CM भूपेंद्र पटेल ने बताया कि बाढ़ को लेकर PM मोदी से फोन पर बात हुई है।

## इमरान का दावा, अगर मुझे कुछ हुआ.......तब ये लोग जिम्मेदार

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी (पीटीआई) के नेता इमरान खान ने कहा है कि अगर उन्हें कुछ हुआ है, तब इसके लिए सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर और खुफिया एजेंसी आईएसआई चीफ जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि उन्हें अदियाला जेल में बेहद ही कठोर परिस्थितियों में रखा जा रहा है। एक मामले में सुनवाई के बाद इमरान ने कहा कि उनका सैन्य प्रतिष्ठान से कोई संपर्क नहीं है। उन्होंने कहा कि सेना से कोई भी बातचीत देश और कानून के हित में होगी। पीटीआई नेता ने कहा कि जनता सेना से प्यार करती है। पूर्व पीएम खान कहा कि केवल भेड़ों को लाठी से नियंत्रित किया जाता है, इंसानों को नहीं। उन्होंने जेल में अपनी स्थिति पर चिंता जताकर दावा किया कि उनका सेल ओवन की तरह है। जिस कमरे में मुझे रखा गया है वह एक ओवन की तरह है, लेकिन मुझे कोई राहत नहीं चाहिए।




### अब तक 17 मामले दर्ज हुए

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। मल्हार का आरोप है कि साल 2013 में एक फिल्म के सेट पर अभिनेता उनके साथ छेड़छाड़ की थी। अभिनेत्री ने केरल सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल के सामने अपनी शिकायत दर्ज कराई है। यौन उत्पीड़न के आरोपों की बाढ़ से मलयालम फिल्म इंडस्ट्री मॉलीवुड में भूचाल आ गया है।**

यौन उत्पीड़न के मामलों में अब तक 17 मामले दर्ज किए गए हैं। आरोपों के बीच मलयालम मूवी आर्टिस्ट की एसोसिएशन स्स्रूको भी भंग कर दिया गया है। पुलिस आरोपों को लेकर मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के कई फिल्मी सितारों और फिल्म निर्माताओं से पूछताछ कर सकती है। यौन उत्पीड़न के आरोपों की कड़ी में नया आरोप फिल्म अभिनेत्री सोनिया मल्हार का है। मल्हार का आरोप है कि साल 2013 में एक फिल्म के सेट पर अभिनेता उनके साथ छेड़छाड़ की थी। अभिनेत्री ने केरल सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल के सामने अपनी शिकायत दर्ज कराई है। मॉलीवुड में यौन उत्पीड़न के आरोपों की जांच के लिए केरल सरकार ने इस विशेष जांच दल का गठन किया है। सोनिया मल्हार से पहले फिल्म अभिनेत्री मीनू मुनीर ने भी यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। मीनू मुनीर का दावा है कि अब उन्हें धमकी भरे संदेश मिल रहे हैं। मीनू ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी है। विशेष जांच दल जल्द ही मीनू मुनीर के बयान दर्ज कर सकती है।

# फारूक पर जमकर बरसीं महबूबा मुफ्ती

**जम्मू-कश्मीर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 2024 से पहले, पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने एनसी प्रमुख फारूक अब्दुल्ला की आलोचना की और कहा कि 1987 में धांधली और मकबूल भट्ट को फांसी देना घाटी में एनसी शासन के दौरान हुआ था।

कांग्रेस-एनसी गठबंधन के बारे में बात करते हुए महबूब ने कहा कि यह पहली बार ऐसा रिश्ता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि एनसी ने एमएएफ को किनारे करने के लिए धांधली की और जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद बढ़ गया। आगामी



विधानसभा चुनाव के बारे में उन्होंने कहा कि पीडीपी हमेशा अकेले चुनाव लड़ती रही है। उन्होंने कहा कि हम हमेशा अकेले लड़े हैं। जब से हमारी पार्टी बनी है, हम अकेले और लोगों के समर्थन से लड़े हैं। हमने यहां के लोगों की पीड़ाओं को दूर करने के लिए लड़ाई लड़ी है।

## बारिश और बाढ़ ने मचाई तबाही, अब तक 170 की मौत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के कई देशों में इस समय मूसलाधार बारिश ने लोगों को परेशान कर रखा है। बारिश इतनी ज़्यादा हो रही है कि जगह-जगह बाढ़ भी आ रही है। इन देशों में नाइजीरिया भी है। नाइजीरिया भी मौसम की मार को झेल रहा है। नाइजीरिया में मूसलाधार बारिश की वजह से कुछ हफ्तों पहले बाढ़ आई थी, जिसने काफी तबाही मचाई थी। इससे जान-माल का भी नुकसान हुआ था। नाइजीरिया में मूसलाधार बारिश और फिर उसके बाद आई बाढ़ के कारण मरने वाले लोगों का आंकड़ा बढ़ रहा है। इस वजह से अब तक 170 लोगों की मौत हो चुकी है।

# सीकर में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**जयपुर (एजेंसी)।** राजस्थान के सीकर जिले में बुधवार को सुबह एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह हादसा जयपुर-बीकानेर राजमार्ग पर रींगस में हुआ जब सीमेंट से भरा एक ट्रेलर अनियंत्रित होकर आगे



चल रही कार पर चढ़ गया और पलट गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से कार में फंसे लोगों को निकाला। उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, हादसे में एक मां बेटे सहित चार लोगों की मौत हो गई। कार में सवार चारों लोग झुंझुनूं जिले के रहने वाले थे जयपुर जा रहे थे।

## स्पेसएक्स ने खराब मौसम के कारण पोलारिस डॉन मिशन में फिर से देरी की

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** स्पेसएक्स ने कहा है कि स्प्लैशडाउन क्षेत्र में प्रतिकूल मौसम के पूर्वानुमान के कारण पोलारिस डॉन मिशन के साथ ड्रैगन अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण फिर से स्थगित कर दिया गया है। स्पेसएक्स ने मंगलवार को कहा कि लॉन्चर के सतही खंड में हीलियम का रिसाव होने के कारण पोलारिस डॉन मिशन का प्रक्षेपण बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। कंपनी ने एक्स पर कहा ÷फ्लोरिडा के तट से दूर ड्रैगन के स्प्लैशडाउन क्षेत्रों में प्रतिकूल मौसम के पूर्वानुमान के कारण, हम अब पोलारिस डॉन के आज रात और कल के फाल्कन 9 प्रक्षेपण को स्थगित कर रहे हैं।

## संपादकीय

# एआई से बढ़ेगी भारत में बेरोजगारी



भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एआई का प्रयोग बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है। विभिन्न उद्योग, मार्केटिंग, अर्थव्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत क्रांतिकारी परिवर्तन भविष्य में आने वाले हैं। लगभग 10 फ़ीसदी इसका प्रभाव वर्तमान में देखने को मिल रहा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में रोग की पहचान, दवाइयां और इलाज के संबंध में विस्तृत जानकारी, मरीज की देखरेख एआई के माध्यम से महत्वपूर्ण सेवाएं जल्द शुरू होगी। एआई के माध्यम से टेली मेडिसिन, रिमोट सर्जरी के भी नए आयाम शुरू होंगे। इसमें डॉक्टर नर्स एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी हैं उसमें तकनीकि के माध्यम से बेहतर सेवाएं दे सकेंगे। अभी जो कमी बनी हुई है, उसे आसानी से पूरा किया जा सकेगा। कृषि के क्षेत्र में भी बहुत बड़े परिवर्तन आने जा रहे हैं। एआई तकनीकी के माध्यम से फसल की उपज, मौसम की भविष्यवाणी, फसलों में लगने वाले कीट और उनका उपचार फसलों की उत्पादकता को बढ़ाने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। कृषि विज्ञान के छात्रों को पढ़ाई में इससे मदद मिलेगी। डेटा उपलब्धता और विविधता के कारण चैट वाटस और वर्चुअल असिस्टेंट में ग्राहकों की सेवाओं को बेहतर बनाया जा सकेगा। रक्षा के क्षेत्र में भी इसका बड़े पैमाने पर उपयोग होना शुरू हो गया है। इस तकनीकी के उपयोग से नैतिक और कानूनी चुनौतियां भी बढ़ेंगी। जिन पर विशेष सतर्कता की जरूरत होगी। एआई तकनीकी के माध्यम से मानव हस्तक्षेप कम होगा। स्वचालित प्रणाली का विकास होगा। ड्रोन और मानव रहित वहां एआई तकनीकी के माध्यम से सैकड़ों संचालित होंगी। एआई तकनीकी का साइबर सुरक्षा में बड़े पैमाने पर उपयोग होगा। रक्षा और सुरक्षा के क्षेत्र में इस तकनीकी के कारण कई चुनौतियों का सामना करने के लिए भी इस तकनीकी को जानना जरूरी होगा। एआई तकनीकी के माध्यम से सिस्टम स्वयं निर्णय लेता है। जिसके कारण मानव उपयोग कम होगा। रोबोट के माध्यम से विभिन्न सेवाओं के संचालित होने से बेरोजगारी जैसी समस्याओं का भी सामना करना पड़ेगा। इसका असर लॉजिस्टिक और सप्लाई के क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर होगा। शिक्षा के क्षेत्र में इसका बड़े पैमाने पर उपयोग होगा। छात्र-छात्राओं को मनवांछित जानकारी विभिन्न भाषाओं में उपलब्ध होगी।

## चिंतन-मनन

# कर्त्तव्य को बनाएं सर्वोपरि लक्ष्य



अध्यापक ने विद्यार्थियों से पूछा- 'रामायण और महाभारत में क्या अंतर है?' विद्यार्थियों ने अपनी-अपनी समझ के अनुसार उत्तर दिए। अध्यापक को संतोष नहीं हुआ। एक विद्यार्थी ने अनुरोध किया- 'आप ही बताइए' अध्यापक बोला-रामायण और महाभारत में सबसे बड़ा अंतर है 'हक-हकूक' का। रामायण में राम ने अपना अधिकार छोड़ा, राज्य छोड़ा और चौदह वर्षों तक वन में जाकर रहे। वे चाहते तो अधिकार के लिए लड़ाई कर सकते थे। दशरथ उन्हें वन में नहीं भेजना चाहते थे। अयोध्या की जनता उनके वन-गमन से व्यथित थी। पर राम ने अपने कर्त्तव्य को अधिकार से ऊपर रखा। पिता के कहे का पालन उनके जीवन का महान आदर्श था।

महाभारत का संपूर्ण कथानक अधिकारों की लड़ाई का कथानक है। कौरव और पांडव आपस में चचेरे भाई थे। भाई-भाई के रिश्तों में जो गंध होती है, मिठास होती है, अपनापा होता है, उसका दर्शन ही वहां कहां होता है! पांडव सब कुछ जुए में हार गए। सब वादे पूरे कर वे लौटे तो दुर्योधन ने पांच गांव तो क्या, सूई की नोक के बराबर भूमि भी देने से मना कर दिया।

ये दो उदाहरण हैं - हमारे सामने। प्रथम उदाहरण अपनेपन से भरे आत्मीय संबंधों का है। यह संबंधों की मधुरता व्यक्ति को कभी आत्मकेंद्रित नहीं होने देती। वह अपने बारे में नहीं सोचता; परिवार, समाज और देश के बारे में सोचता है। उसका अपना कोई स्वार्थ होता ही नहीं। पद-प्रतिष्ठा और सुख-सुविधा के संस्कारों से वह ऊपर उठ जाता है। ऐसा वही व्यक्ति कर सकता है, जो कर्त्तव्य को अपने जीवन का सवरेपरि लक्ष्य मानता है। वह संस्कृति सफल होती है जो कर्त्तव्यनिष्ठा व्यक्तियों को जन्म देती है।

वह शताब्दी सफल होती है, जो कर्त्तव्य की धारा को सतत प्रवाही बनाकर जन-जन तक पहुंचाती है। वह परंपरा सफल होती है, जो कर्त्तव्य का बोध देती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि पूजा-प्रतिष्ठा, मान-सम्मान और सुख-सुविधा की अर्थहीन चिंता छोड़कर व्यक्ति अपने जीवन को कर्त्तव्य के लिए समर्पित कर दे।

## व्यंग्य

# सरकार का चलना



सरकार का चलना हम सभी देख रहे हैं।जैसे एक पद आता है , बिनु पद चले, सुने बिनु काना,,,,,, अर्थात बिना पांव के चलना और बिना कान के सुनना , यह ईश्वर का,भगवान का स्वरूप होता है या कुछ लोग कहते हैं की जिन्न जिन्नात यह सब कर सकते हैं, वे उल्टे पैर चलते हैं ,किसी भी वस्तु के रास्ते में आने पर आर पार निकल जाते हैं।न तो सबने ईश्वर के दर्शन किए हैं और न ही जिन्न जिन्नात के, यह अलौकिक या पार लौकिक अनुभूतियां हर किसी के भाग्य में नहीं और हर किसी का सौभाग्य भी नहीं ,यही हमारा दुर्भाग्य है। सरकार के भी पैर नहीं होते ,हाथ नहीं होते, सिर नहीं होता, धड़ नहीं होता मगर फिर भी वह चलती है , काम करती है और विचार करती है, सरकार का धड़ नहीं होता मगर उसके धड़े होते हैं,अलग अलग धड़े आपसी खींचतान करते हैं और सरकार के अंदर भी सुर ताल मिला धडबंधन करते हैं, इसी कारण सरकार अंतर्विरोधों के बावजूद मजबूर की जगह मजबूत बनी रहती है।सरकार का सिर नहीं होता मुखौटा होता है, इस कारण से वह बेसिर पैर के तमाम काम करती है और कई बार काम की चीजों का भी काम तमाम करती है।आवश्यक वस्तुओं को अनावश्यक और महत्व हीन करना और अनावश्यक चीजों को रातों रात फर्श से अर्श पर पहुंचाना,सिर पर बैठा लेना,इन्हीं करतबों से सरकार चलती है।जनता मूक दर्शक बन ,दर्शक दीर्घा में बैठे सब कुछ देखती रहती है ,गांधी जी के बंदर की तरह मुंह पर पट्टी बांधे रखना ,जनता अपना श्रेयस्कर मानती है।कुछ भी हो हमे क्या लेना देना, कोई नृप हो हमें का हानि, वाली उक्ति को परम सिद्ध करना हमारा कर्तव्य है,इसी को मानते हुए हम अपनी कर्तव्य की इतिश्री मान लेते हैं और कुंभकर्णी नींद में चले जाते हैं और सरकारें बिना किसी विशेष सरोकार के अपना पांच साला कार्यकाल पूर्ण कर लेती है। एक सरकारी मुलाजिम को अपने उच्चस्थ अधिकारी का कहा मानना पड़ता है,वह हर आदेश के लिए लिखित में लेने के लिए बाध्य नहीं कर सकता, तमाम मौखिक आदेश भी आदेश होते हैं जिनका भविष्य में कोई रिकॉर्ड नहीं होता, और एक नैतिकता होती है जिसकी वजह से वे मान्य किए जाते हैं। एक बार ऐसे ही आदेश के पालन में साहब के साथ पांच लोगों का स्टॉफ ग्रामीण क्षेत्र में दौरे पर चला गया, स्थानीय स्तर पर उस ग्राम में कोई धार्मिक उत्सव होने से न तो कार्यालय खुले मिले और न ही कर्मचारी मिले,वहां उपस्थित ग्राम प्रधान ने निमंत्रित कर लिया और पूरी पार्टी मंदिर दर्शन कर प्रसाद पाकर देर रात लौट आई।इधर ड्राइवर महोदय ने किसी के उचकाने पर भ्रष्टाचार निवारण सेल में शिकायत कर दी।जांच हुई परिणाम यह निकला की सभी लोगों को अन्यत्र कार्यालय में अटैच कर ,सस्पेंड कर दिया गया और कोर्ट में चालान पेश कर दिया।जिला कोर्ट तक आना जाना हर अधिकारी का हर तारीख पर यात्रा और दैनिक भत्ता भुगतान होता रहा।हमारी व्यवस्था में किसी साधारण प्रकरण का पंद्रह बीस सालों चलना मामूली बात है,फिर सरकारी प्रकरण में कभी सरकारी वकील अनुपस्थित, कभी विभाग की ओर से जवाब नहीं आना,कभी जज साहब का तबादला, कभी कोर्ट का तबादला , कभी रोस्टर का लफड़ा ,कभी जज साहब किसी ट्रेनिंग पर , मतलब कभी कुछ तो कभी कुछ, वह प्रकरण भी सरकारी तरीके से चलता है जिसमें किसी की दिलचस्पी जल्दी निपटान की नहीं होती और गरीब की जोरु सबकी भाभी की तरह , हर कोई ऐसे प्रकरणों को आगे ठेलता रहता है।बीस तीस साल में कई मुलजिम ठहराए गए मुलाजिम रिटायर हो चुकते हैं और कुछ दुनिया से कूच कर चुके होते हैं।घिसते घिसते प्रकरण में कोई एकाध बचा रहता है और वह भी तौबा कर मान लेता है की आदेश पर सही उससे गलती हो गई तब इतने साल प्रकरण चलने के चलते कुल जमा सौ डेढ़ सौ की रिकवरी के साथ ,मुलजिम को माफी दे दी जाती है और बिना काम के उस अधिकारी को इतने साल का बचा हुआ वेतन और सारे रिटायरमेंट के फायदे कायदे से मिल जाते हैं, वतन की सेवा का यही इनाम होता है, उसके बरसों की मानसिक प्रताड़ना और बिना बात के बतंगड़ का शिकार व्यक्ति आखिर उम्र के आखिर में पहुंच जाता है।तमाम न्यायालयों में कई ऐसे ही फालतू प्रकरनों का अंबार लगा है जिन्हें हटाया जाकर व्यर्थ कार्य से मुक्ति और न्यायालयीन बोझ को कम किया जा सकता है, मगर शायद ऐसी व्यवस्था किए जाने की कोई व्यवस्था ही नहीं है।अति व्यस्तता में ऐसी व्यवस्था बनाए कौन, सरकार काम के बोझ से लदी है, गंगा ऊपर से बहती है, कौन भगीरथ आए और ऐसा प्रयास करे।हम इंतजार में रत हैं, सरकार काम में रत है। यही सरकारी मशीनरी की विशेषता होती है।इससे ही सिस्टम चलता है,जिसमे महत्वपूर्ण फाइलें और काम दब जाते हैं,उसी की आड़ लेकर दबा दिए जाते हैं और न्यायालय में वकीलों को काम मिलता रहता है।तारीख देने के पैसे और आगे बढ़ाने के पैसे, हर तारीख पर वकील के पैसे ,,,,जय हो सरकार की ,जनता से सरोकार की।सरकार एक और दरकार हजारों ,कभी बाढ़ राहत,कभी सूखा राहत, कभी कोई इमरजेंसी ,कभी कोई प्राथमिकता, कभी सूचना का अधिकार, कभी शोषण की मार , कभी उपद्रव से निपटना, कभी किसान आंदोलन,कभी छात्रों का धरना, कभी प्रदर्शन , कभी धार्मिक यात्राएं,कभी दुर्घटना , कभी मुआवजे को लेकर खींचा तानी,कभी जमीन अधिग्रहण के मामले, कभी अतिक्रमण हटाना, कभी प्राकृतिक आपदा, कभी राजनीतिक संकट, उठा पटक, यही सब चलता रहता है।सरकार उसी में सांस लेती है, सबकी आस पूरी करती है।

सरकार सरकार खेल करे
सबकी है सरकार मेल करे
जिन्न जिन्नात भी यह है वह
भगवान का स्वरुप यही है
कभी हंसाती कभी रुलाती
जनता जय जयकार करे
कभी लुभाती कभी लुटाती
जनता के पैसे पर यही करे

**अरुण कुमार जैन**
**लेखक एवम् साहित्यकार**

# चुनाव में फैमिली इंजीनियरिंग






मुखिया जी ने अपने सेवक घोंचू दास से पूछा- घोंचू पटवारी कहां है? मुखिया जी चुनाव का समय है वह कभी यहां - कभी वहां भटक रहा होगा। ? न्यूज़ इकट्ठा करने के लिए। लेकिन चौपाल के लोग खबर से बेखबर हैं ?मुखिया जी-आंदोलनकारी किसान 6 महीना का राशन पानी लेकर धरना पर बैठे थे।उसी तरह पटवारी लाल चौपाल से निकलते समय कुछ महीनो के लिए घर से दाना पानी लेकर निकला था। न्यूज़ इकट्ठा करने में उसे समय तो लगेगा ? पटवारी लाल चुनावी सर्वे का रिपोर्ट लेकर आ गया है। हमने देखा घर पर डांगरी प्रसार कर सोया हुआ है और उसकी घरवाली नवरत्न तेल लेकर सर पर मालिश कर रही है। हमने पूछा-पटवारी तबीयत तो ठीक-ठाक है? नहीं रे! घोंचू भैया नेताओं का उलट वासी सुन सुनकर सर में दर्द उपट गया है । मुखिया जी से कह देना -सुबह-सुबह चौपाल में उपस्थित हो जाऊंगा । लेकिन प्रचार जमकर होना चाहिए। विषय है-चुनाव प्रचार में फैमिली इंजीनियरिंग । यह सब्जेक्ट कहां से ढूंढ निकाला है पटवारी? हमने तो चुनाव में सोशल इंजीनियरिंग की बात सुननी है और समझा भी है। लेकिन यह फेमिली इजिनिरिग तो सुना नहीं था? फैमिली इंजीनियरिंग का खूब प्रचार हुआ हैजिस् के चलते चौपाल मैदान खचाखच भर चुका है। मंच पर मुखिया जी इधर-उधर देख रहे हैं। पटवारी लाल कहीं दिखाई नहीं पड़ता हैवे काफी गुस्सा में है । पटवारी अब तक आया नहीं? घोंचू दास ने कहा - वह मैदान में घुस रहा है मुखिया जी? आज वह माथे पर पगड़ी बांधे हुए हैं । अरे पटवारी? चौपाल का मंच नेताओं का मंच समझ लिया है। इतना लेट आ रहा है? माफ करें मुखिया जी! आगे से ऐसी गलती नहीं होगी ?। खैर अपना प्रवचन शुरू करो? मैदान में उपस्थित सज्जनो माताओ बहनों! मैं चटक खबर आप लोगों को सुनने हाजिर हुआ हूं। देश के जिन-जिन प्रतो में चुनाव होने जा रहा है। सभी राजनीतिक दल के नेता अपने कुर्सी सुरक्षित रखने के लिए तरह-तरह के जुमला लोगों के बीच फेंक रहे हैं। एक तो वे है जिन्हें जुमला बाज कहा जाता है। एक वे हैं जुमला बाजो से दो दो हाथ करने में लगे हैं तो कुछ चुनावी गणित बैठने में लगे हैं। परिवार बाद पर जहां एक ओर हमले का जोर है वहीं दूसरी तरफ फैमिली इंजीनियरिंग की चमक चमका कर लोगों का मत अपने पक्ष में करने में लगे है । जिस गांधी परिवार ने अपना सब कुछ देश के लिए समर्पित कर दिया है। वह परिवार बादहै। जिन्होंने देश की आजादी की लड़ाई में एक कतरा खून नहीं बढ़ाया और कभी जेल नहीं गए वे देशभक्त बन गए हैं! जो फैमिली इंजीनियरिंग कर कर रहे हैं । वे है जिन्होंने अपने बेटा बेटी को चुनाव मैदान में उतार दिए हैं उन्हें परिवारवाद नहीं दिखाई पड़ता है । केवल नेहरू का परिवार दिखाई पड़ता है। इस परिवार पर हमला कर फैमिली इंजीनियरीग वाले चुनावी बैतरनी पार करना चाहते हैं ? इंजीनियरिंग की थ्योरी देने वाले लोकतंत्र को तहस-नस कर रहे हैं इसे समझने। की जरूरत है?। समझना यह है वे कौन है जिन्हें संविधान में विश्वास नहीं है जो संवैधानिक संस्थाओं को तहस-नस करने में लगे हैं? जिनकी राजनीति को जनता ने नाकार दिया है। न?ए रुप में वे भेष बदलकर चुनाव मैदान में उतर गए हैं। चुनाव में गड़े मुर्दे को उखाड़ जा रहा है। हमारे लोकतंत्र की दुर्गति की जा रही है। जिनके वचनों को सुनकर मन भिन्न भिना उठा है। चौपाल के लोगों को सचेत रहना है और हमने जो मूल्य विकसित किया है उसे जुगा कर रखना है। हम ही हैं जो लोकतंत्र के हिफाजत कर सकते हैं। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। इसी बात को समझने के लिए आपके बीच उपस्थित हुआ हूं। इसी संदेश को जन-जन तक पहुंच कर गलत लोगों को हाशिए पर ढकेल देने की जरुरत है ।

**अरविंद विद्रोही**
**बिरसानग जॉन नंबर 2 रोड नंबर 2 जमशेदपुर**

# इंतज़ार में



गिरधर बाबू अपने फ्लैट के कमरे में बैचेनी से टहलते हुए बार-बार घड़ी देख रहें हैं, बाहर झमाझम बारिश, बिजली गुल, गैस सिलेंडर में गैस खत्म। हालात देखते हुए उन्होंने जोमाटो से छोले -भठूरे ऑर्डर कर दिया था। डिलीवरी बॉय अभी तक नहीं आया।

दरवाजे पर दस्तक हुई।

बहुत देर कर दी, बारिश रुकी नहीं क्या?

सर बारिश तो कम हो गई पर सड़कों पर पानी कमर तक भरा है, मेरी गाड़ी बंद हो गई, घसीट कर लाना पड़ा।

प्रशासन बहुत लापरवाह है। बारिश से पहिले ही नालों की सफाई करवा ले, पानी की सही निकासी - -व्यवस्था हो जाय, वह तो नहीं करता।----- बस इंतज़ार में रहता है।

किसके इंतज़ार में?

दुर्घटना के, और किससे !अपनी पीठ थपथपाए जाने के , शाबाशी मिलने के इंतज़ार में।

मैं समझा नहीं सर?

मीडिया में ज़ोर- शोर से ख़बर बनेगी दुर्घटना को तत्काल संज्ञान में लेते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्यवाही शुरू की।

**सुनीता मिश्रा, भोपाल**

# बैक डेटिंग



तेज चिलचिलाती धूप। ऐसे में कुछ सरकारी अधिकारी कंबल खरीदने निकले। इन्हें गरीबों में वितरित करवाना था। एक अधिकारी बेहद आश्चर्यचकित था। उसने सहयोगियों से पूछा, गर्मी में कंबल ?

क्या बताऊँ, जाड़े के मौसम में इनकी खरीद करनी थी और बँटवाना था। अब तो सारा काम बैक डेट में करना होगा। वरना नौकरी गई, समझो। एक अधिकारी ने माथे का पसीना पोंछते हुए कहा ।

दुकानदार से बैक डेट में कंबल की खरीद की रसीद ले ली गई। कंबल बाँटने के लिए गाँव में प्रचार करना था । जनसम्पर्क विभाग ने यह काम भी बैक डेट में कर दिया ।

एक दिन भरी दुपहरी में कंबल बँटने लगा। ग्रामीण कतारबद्ध होकर कंबल ले रहे थे। उनसे बैक डेट में हस्ताक्षर अथवा ठप्पा लिया जा रहा था। एक बूढ़े की बारी आई। उसने कंबल ले लिया, मगर बैक डेट में हस्ताक्षर करने से मना कर दिया ।

अधिकारियों ने पूछा, क्यों भाई ? सभी तो कर रहे हैं। तुम क्यों नहीं कर रहे हो?

बूढ़े ने कहा, बेटा, तुम पुरानी तारीख में दस्तखत लेकर अपनी नौकरी तो बचा लोगे। मगर मैं मुन्ने की माँ को क्या जवाब दूँगा ?

क्यों, ऐसी क्या बात है? एक अधिकारी ने पूछा । बेटा, वो तो पूछेगी कि कंबल जाड़ा में बँटा तो फिर उसका बेटा ठंड से कैसे मर गया ? पहले पुरानी तारीख में जाकर मेरा बेटा ला दो, मैं पुरानी तारीख में दस्तखत कर दूँगा । बूढ़े ने रोते हुए खुलासा किया । जवाब सुनकर अधिकारी हतप्रभ रह गए ।

**ज्ञानदेव मुकेश**
**न्यू पाटलिपुत्र कॉलोनी**
**पटना -800013**

# नीम चढ़ी गिलोय






एक नहीं दो दो मात्राएं नर से भारी नारी जबसे रामधारी सिंह दिनकर की ये पंक्तियां मेरी पड़ौसी ख्याति प्राप्त विदुषी ने सुनी हैं तबसे उनके व्यवहार में दिनोंदिन बदलाव देखने में आ रहा है ,आते ही मंगू ने एक सांस में पूरी कथा कह सुनाई।

प्रकृति यानी कार्य व्यवहार में बदलाव मानव स्वभाव का अंग है तूं क्यों चिंता में दुबला हुआ जा रहा है?

चिंता !सच्चे भारतीय नागरिक होने के नाते होना सबको चाहिए मास्टर साहब

पता है वो हमारे कवीले की मुखिया यानी सरदार हैं ।उन्होने शपथ ले रखी है जनता के संवैधानिक अधिकारों के संरक्षण की,शिक्षा,स्वास्थ्य की उत्तम व्यवस्था की,नारी की अस्मिता की रक्षा तथा उन्हे साधन सम्पन्नकर आत्मनिर्भर बनाने की, कवीले में सुख शांति स्थापित करने की।

कवीले में सब कुछ ठीक नहीं है एसा तेरे चहरे की भावभंगिमा से लगता है मंगू

विल्कुल सही समझा ,उन्हे आठों पहर बाहुबली,माफिया,दादा लोग घेरे रहते हैं,उन्ही के इशारों पर कवीले का राजकाज चलता है।इन आकाओं के भाव आसमान को छू रहे हैं जो कानून को जेब में रखकर घूमते हैं।

हत्या,लूटपाट,छीनाझपटी,छेड़खानी यहां तक नृशंस बलात्कारी हत्याएं आम हो गई हैं।पुलिस मूक दर्शक बन गई है ।उन देवी तक आमजन का पहुंचना मौत को गले लगाने जैसा है। मंगू आर्तभाव लिए बोला मास्टरजी एक विदुषी अपने इलाके में अराजकता को कैसे सहन कर सकती है जबकि लक्ष्मी बाई,अहिल्याबाई होल्कर,रानी दुर्गावती जैसी उदारमना न्यायप्रिय महिला प्रशासकों से इतिहास भरा पड़ा है। मंगू ,नारी में जब चार मात्राओं अर्थात साम दाम दंड भेद का अहम् जागृत हो जाता है वह निरंकुश हो जाती है,उसमें दया करुणा प्रेम,ममता के गुण कुर्सी के अहम् के आगे लुप्त हो जाते हैं । सुश्री विदुषी ,शासक की कुर्सी पर बैठ कर एसी क्रूर हो जाती है जैसे नीम चढ़ी गिलोय कवीले के शासन की निरंकुशता, अराजकता, अमानवीयता का क्या उपाय है? जन आंदोलन यानी सब मिलकर उस नीम चढ़ी गिलोय को जड़ से उखाड़ फेंकें ।

यह सुन मंगू सुन्न होकर सिर झुकाए चला गया।

**बच्चूलाल परमानंद दीक्षित**
**दबोहा भिंड/ग्वालियर मप्र**

# थूकमलाल ट्रॉफी



एक नेताजी थे. उनको दूसरों पर थूकने में बहुत मजा आता था. उन्होंने जो कुछ भी अनुभव अपनी जिंदगी में कमाया था. वो थूककर ही कमाया था. दरअसल उन नेताजी का नाम थूकमलाल था. इनके जीवण में जो उनका अनुभव था. वो ये था कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी थूकम - पैजार में ही बिताई थी. प्राय~ वे दूसरों पर ही थूकते थे. अब थूकमलाल नेताजी थे. और नेताजी का पेशा ही थूकना होता है. ऐसे में दूसरे पार्टी के नेताजी भी थूकमलाल पर थूकते थे. दूसरे दल के नेताओं की थूक में वो बात नहीं थी. जो थूकमलाल जी के थूकने में थी. बच्चे थे तो गली - मुहल्ले में थूकते थे. बड़े हुए तो दोस्तों में थूकने लगे. इनकी इन्हीं थूकने की आदत के कारण इनके पिताजी चूनालालजी ने इनका नाम बड़े उत्साह से थूकमलाल रखा था. पहले थूकमलाल जी मुहल्ले में इधर-उधर थूककर गँदगी फैलाते थे. फिर कालांतर में जब नेता बने तो मीडिया में थूकने लगे. इनकी थूकने की कला देखकर मीडिया भी बहुत प्रभावित हुआ. और इनकी थूकने की हर बाइट को मीडिया ने ब्रेकिंग न्यूज बताकर अपने चैनल पर चलाया. दरअसल थूकमलाल की थूक की बोहनी इतनी बेहतरीन थी कि प्राय~



हर चैनल अपने स्क्रीन के लिये थूकमलाल को अपने चैनल पर थूकने के लिये एक बाइट माँगने लगा. और आजकल हर चैनल पर थूकमलाल जी के थूक की ही चर्चा चल रही थी. मीडिया अघाई हुई थी. थूकमलाल जी के थूकने की कला से प्रजा वाह - वाह करते ना अघाती थी. हर कोई चाहता था कि थूकमलाल जी उन पर थूकें तो उन पर थूकें. लिहाजा थूकमलाल जी अब अपने थूकने की बाइट अब विदेशों में भी जाकर देने लगे थे !

एक दिन थूकमलाल जी एक नेता से भीड़ गये. कहने लगे कि मेरे जैसा कोई दूसरे पर थूकने का करिश्मा कर ही नहीं सकता. इसलिए मैं सबसे बड़ा थूकमलाल हूँ. सामने वाला भी अड़ गया कि नहीं मुझसे बड़ी थूक तो किसी की हो ही नहीं सकती. लिहाजा मैं ही इस कस्बे का थूकमलाल हूँ. खैर , जितनी खराब तरह से वे एक दूसरे पर थूक सकते थे. उन्होनें एक दूसरे पर थूका. लिहाजा फैसला होना इतना आसान नहीं था. तब ये समस्या उस समय प्रांत की सबसे बड़ी समस्या बनकर उभरी. कि आखिर सबसे बेहतरीन तरीके से कौन थूक सकता है. शहर के गणमान्य लोगों ने थूकने को लेकर ही एक प्रतियोगिता का आयोजन करवा लिया. इस प्रतियोगिता में थूकमलाल जी ने ऐसा थूका , ऐसा थूका कि और प्रतियोगियों की बोलती बँद हो गई. हर तरफ थूकमलाल जी के थूक की ही चर्चा थी.

इस थूक प्रतियोगिता को कवर करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मीडिया भी आई हुई थी. और अंतत~ थूकमलाल जी विजयी घोषित हुए. और थूकमलाल जी को थूकने की कला में सर्वश्रेष्ठ थूककार के खिताब से नवाजा गया. और तभी से ये चलन भी आया कि अब हर साल एक थूकने की प्रतियोगिता करवाई जायेगी. और इस प्रतियोगिता के प्रथम बार के प्रथम विजेता के नाम पर ही थूकमलाल ट्रॉफी का आयोजन हर साल प्रांत में होगा.

आजकल हमारे यहाँ के चैनल वाले थूकमलाल जी की थूक वाली बाइट से ही अपने यहाँ धन की श्रीवृद्धि कर रहें हैं.

**महेश कुमार केशरी**
**C/O -मेघदूत मार्केट**
**फुसरो**
**बोकारो झारखंड**
**पिन 829144**

## सड़क सुरक्षा समिति में 8 विशेषज्ञों को किया गया शामिल

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** इंदौर जिले में गठित जिला सड़क सुरक्षा समिति में 8 विशेषज्ञों को विशेष आंमत्रित सदस्यों के रूप में नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा आदेश जारी कर दिये गये हैं। जिन विशेषज्ञों को सदस्य बनाया गया है उनमें श्री अतुल सेठ, प्रो. शरद नाईक, डॉ. ओ.पी. भाटिया, श्री संदीप नारूलकर, श्री हिमांशु दूधवड़कर, श्री दिलीप वाघेला, श्री आर.एस. राणावत तथा श्री प्रफुल्ल जोशी शामिल है।

## इंदौर जिले में औसत रूप से अब तक लगभग 633 मिलीमीटर (25 इंच) वर्षा

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** इंदौर जिले में जारी मानसून सत्र में अब तक लगभग 633 मिली मीटर (25 इंच) औसत वर्षा दर्ज की गई है। यह गत वर्ष इस अवधि में दर्ज वर्षा से लगभग 100 मिलीमीटर (4 इंच) कम है। गत वर्ष इस अवधि में जिले में 733 मिली मीटर (29 इंच) वर्षा हुई थी। भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वर्ष अब तक इंदौर क्षेत्र में 725.6 मिलीमीटर, महू में 486.1 मिलीमीटर, सांवेर में 697.5 मिलीमीटर, देपालपुर में 753 मिलीमीटर, गौतमपुरा क्षेत्र में 635.7 मिलीमीटर तथा हातोद क्षेत्र में 498.8 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जिले में गत वर्ष अब तक इंदौर क्षेत्र में 628.9 मिलीमीटर, महू में 650 मिलीमीटर, सांवेर में 814.8 मिलीमीटर, देपालपुर में 1050.2 मिलीमीटर, गौतमपुरा क्षेत्र में 648 मिलीमीटर तथा हातोद क्षेत्र में 605.8 मिलीमीटर वर्षा हुई थी।

## आंगनवाड़ी केन्द्रों, उचित मूल्य दुकानों तथा स्कूलों का निरीक्षण



**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** कलेक्टर श्री आशीष सिंह के निर्देश पर आज इंदौर के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित विभिन्न आंगनवाड़ी केन्द्रों, उचित मूल्य दुकानों और स्कूलों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारी/कर्मचारियों को उक्त संस्थानों के माध्यम से शासकीय योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक पहुँचाने के निर्देश दिये गये। यह निरीक्षण एसडीएम श्रीमती कल्याणी पांडे द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम सनावदिया, देवगुरादिया, बिहाड़िया, मुंडलादोस्तदार की पंचायत का निरीक्षण भी किया गया। श्रीमती पांडे ने ग्रामीणों से चर्चा कर उन्हें उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं की जानकारी भी ली। इस दौरान आंगनवाड़ी केन्द्रों, उचित मूल्य दुकानों तथा स्कूलों का भी निरीक्षण किया गया। किसानों से चर्चा कर ई-केवायसी की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे ई-केवायसी के लिए ग्रामीणों को सूचना प्रदान करे और अपेक्षाकृत प्रगति लाये। आंगनवाड़ी केंद्र बिहाड़िया, मुंडलादोस्तदार का निरीक्षण किया गया। उचित मूल्य दुकान बिचोली मर्दाना का भी निरीक्षण किया गया और लाभार्थियों से खाद्यान्न की गुणवत्ता के संबंध में चर्चा की गई। लाभार्थियों द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। शासकीय माध्यमिक स्कूल जामन्याखुर्द का निरीक्षण किया गया जिसमें स्कूल के नियत समय पर 3 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। इन पर कार्यवाही हेतु प्रस्ताव जिला शिक्षा अधिकारी को भेजा गया।

## जनधन योजना में गरीब भाई-बहनों को सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर दिया- मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जनधन योजना के गौरवशाली 10 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में लिखा है कि आज का दिन देश के लिए ऐतिहासिक है। भारत सरकार की इस कल्याणकारी योजना में समाज के अंतिम पक्ति में खड़े व्यक्ति को बेहतर जीवन और आर्थिक सुरक्षा प्रदान की गई है। जनधन योजना का ही परिणाम है कि अब बैंकिंग सेवाओं का लाभ ऐसे व्यक्ति भी उठा रहे हैं जिन्होंने कभी इसकी कल्पना भी नहीं की थी। जनधन योजना करोड़ों देशवासियों विशेषकर गरीब भाई-बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और उन्हें सम्मान के साथ जीवन जीने का अवसर देने में सफल रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने योजना को सफल बनाने के लिए दिन-रात काम करने वाले सभी लोगों और योजना के लाभार्थियों को बधाई दी है।

## पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में सेमिनार का हुआ आयोजन

**इंदौर।** पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय इन्दौर में आज सीडब्ल्यूएसटी, बीएसएफ और डेवलपमेंट स्पेशलिस्ट इन्वेस्टिगेशन के अधिकारियों के लिए एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक टूआईसी बीएफएफ, निरीक्षक, उप निरीक्षक, कमांडेट सहित लगभग 25 अधिकारी शामिल हुए । प्रभारी पुलिस अधीक्षक सुश्री सौम्या जैन व कमांडेंट श्री भूपेंद्र प्रताप के निर्देशन में अधिकारियों को पी.टी.सी परिसर की विभिन्न संबधित शाखाओं का भ्रमण करवाया गया। प्रशिक्षण हेतु नालंदा भवन में एडीपीओ सुश्री कर्णिका दीक्षित द्वारा न्यू क्रिमिनल का प्रशिक्षण व वैज्ञानिक अधिकारी सुश्री सुचिता पाण्डे द्वारा PRESERVATION of SCENE OF CRIME का प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही निरीक्षक श्री विशाल यादव द्वारा स्न.ढ्ढ.क्र संबधित विषय पर प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण पश्चात पुलिस अधीक्षक टूआईसी बीएफएफ को प्रभारी पुलिस अधीक्षक सुश्री सौम्या जैन द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदाय किया गया।

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके आज इंदौर आएंगी

**इंदौर ।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके आज गुरूवार 29 अगस्त को इंदौर आएंगी। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मंत्री श्रीमती उइके 29 अगस्त को दोपहर 1 बजे इंदौर रेसीडेंसी पहुंचेंगी। वे यहां दोपहर 2 बजे से इंदौर एवं उज्जैन संभाग के विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगी। वे शाम 5 बजे खजराना गणेश मंदिर दर्शन करेंगी। मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके रात्रि विश्राम इंदौर में ही करेंगी।

### स्वच्छता और सहयोग की अनूठी मिसाल

# महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर श्री आशीष सिंह और निगम कमिश्नर श्री शिवम वर्मा ने की सफाई

## सफाई मित्रों के सम्मान में आज विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें नागरिकों का भी मिला पूरा सहयोग

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।**

इंदौर में आज स्वच्छता और सहयोग की अनूठी मिसाल देखने को मिली। शहर में आज महापौर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने सफाई मित्रों के सहयोग के लिए अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने आज अपने हाथों में झाडू थामी और शहर की सफाई की। इस कार्य में आम नागरिकों का भी पूरा सहयोग प्राप्त हुआ। उल्लेखनीय है कि कल 27 अगस्त को पूरे शहर में वाल्मिकी समाज के आराध्य वीर गोगादेव नवमी मनाई गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में सफाई मित्र शामिल होते है और इनके लिए दूसरे दिन 28 अगस्त को अवकाश रहा। शहर में सफाई व्यवस्था बाधित नहीं हो और वह निरंतर चले इसको दृष्टिगत रखते हुए आज महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा ने अपने हाथों में झाडू थामी और सफाई कर स्वच्छता की मिसाल प्रस्तुत की। शहरवासी महापौर के नेतृत्व में सफाई अभियान में झाडू लेकर शामिल रहे। इंदौर की सड़कें साफ करने में जनप्रतिनिधियों/नागरिकों के साथ शामिल विभिन्न संस्थाएं भी शामिल हुई। इंदौर नगर निगम में आठ हजार से ज्यादा स्थाई और अस्थाई सफाई कर्मचारी है जो हर



दिन शहर की ढाई हजार किलोमीटर लंबाई की सड़कों व गलियों की रोज साफ-सफाई करते है और शहर को गंदगी से मुक्त करते है। सड़कों के कचरे को एकत्र कर गाड़ियों में भरकर ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचाते है। गोगा नवमी पर सफाईकर्मी अवकाश पर रहते है। सात साल पहले स्वच्छता में पहली बार देश में पहला स्थान इंदौर को मिला था। इसके बाद सफाई मित्रों शहर के सामाजिक और अन्य संगठन भी सफाई अभियान में शामिल हुये। मां अहिल्या बाई की प्रतिमा स्थल राजबाड़ा क्षेत्र से शहर के विभिन्न कॉलोनी, मोहल्ले, धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक चौक और अन्य क्षेत्रों में भी सफाई कार्य व्यापक स्तर पर किये गये।

# प्रो-एक्टिव होकर सभी अधिकारी कार्य करें : संभागायुक्त

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए प्रारंभ किये गये राजस्व महाभियान-2.0 के तहत इंदौर संभाग का बुरहानपुर जिला पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। राजस्व महाभियान 2.0 के तहत जिले में किये गये उत्कृष्ट कार्य हेतु संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने बुरहानपुर कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल एवं सभी राजस्व अधिकारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि इसी ऊर्जा एवं सक्रियता के साथ आगे भी कार्यों को संपादित करें। आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष बुरहानपुर में राजस्व महाअभियान 2.0 की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने राजस्व महाअभियान के तहत कार्यों का समीक्षात्मक जायजा लिया। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की, कि जिले में राजस्व महाअभियान 2.0 के तहत नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दुरस्ती में शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। संभागायुक्त श्री सिंह ने राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि, नक्शा तरमीम, खसरे की समग्र से लिंकिंग कार्य को मिशन मोड पर करें। सभी अधिकारी प्रो-एक्टिव होकर कार्य करना सुनिश्चित करें।

समीक्षा बैठक के दौरान संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने कहा कि अपने-अपने न्यायालयों में दर्ज प्रकरणों का सूक्ष्मता से अवलोकन एवं अध्ययन करें। अंतिम आदेश होने के बाद संपूर्ण दस्तावेज प्रकरण में लगाये एवं रिकार्ड रूम में जमा करवाये। सभी प्रकरणों को व्यवस्थित रूप से रखा जायें।



कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल ने राजस्व महाअभियान के तहत प्रगति की जानकारी दी। बैठक में पीपीटी के माध्यम से राजस्व महाअभियान के तहत जिले में किये गये कार्यों एवं गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई। उन्होंने कहा कि, राजस्व महाअभियान के संबंध में समय-समय पर समीक्षा की जा रही है।

### एसडीएम व तहसीलदार बुरहानपुर न्यायालय का निरीक्षण

संभागायुक्त श्री सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व न्यायालय व तहसीलदार न्यायालय बुरहानपुर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने उक्त न्यायालयों में दायरा पंजी को देखा। उसमें पंजीकृत प्रकरणों के निराकरण की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने आरसीएमएस पोर्टल के माध्यम से निराकरण किये जा रहे प्रकरणों के संबंध में भी जानकारी ली। संभागायुक्त श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान भू-अर्जन के प्रकरणों, नजूल के प्रकरणों, अतिक्रमण, नामांतरण, बंटवारा सहित अन्य प्रकरणों के दस्तावेजों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि प्रकरणों का निराकरण होने के बाद रिकार्ड रूम में जमा भी किये जायें। उन्होंने न्यायालय के निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि, व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार लाना सुनिश्चित करें।

### आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना

न्यायालय निरीक्षण के दौरान आये आवेदक की समस्या को संभागायुक्त श्री सिंह ने गंभीरता से सुना तथा तत्काल तहसीलदार को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कलेक्टर कार्यालय, जिला बाढ़-आपदा नियंत्रण कक्ष का भी अवलोकन किया। जिले में संभागायुक्त के रूप पहली बार आयुक्त श्री सिंह का प्रवास रहा। कलेक्ट्रेट में अधिकारियों, कर्मचारियों, डीएटीसीसी के सदस्यों, मीडिया बन्धुओं सभी ने तहेदिल से स्वागत-सम्मान किया।

# शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय मोरोद में प्रवेश के लिए परीक्षा 6 सितम्बर को

### आवेदन की अंतिम तिथि 4 सितम्बर

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित आवासीय शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय मोरोद इन्दौर में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इस विद्यालय में कक्षा 6वीं में रिक्त 29 सीटों पर प्रवेश दिया जायेगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 4 सितम्बर के शाम 5 बजे तक रहेगी। यह विद्यालय पूर्णतः आवासीय और सीबीएसई बोर्ड द्वारा हिन्दी माध्यम में संचालित है। प्रवेश के लिए आवेदन पत्र विद्यालय से कार्यालय दिवस में उपस्थित होकर प्राप्त किये जा सकते है। आवेदन पत्र 4 सितम्बर शाम 5 बजे तक लिये जायेंगे। प्रवेश हेतु पूर्व कक्षा में 60 प्रतिशत या बी ग्रेड उत्तीर्ण होना अनिवार्य अर्हता है। कक्षा 6वीं में विद्यार्थियों का चयन प्रवेश परीक्षा के आधार पर किया जायेगा। प्रवेश परीक्षा 6 सितम्बर को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक आयोजित होगी। यह परीक्षा शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय मोरोद खंड़वा रोड चमेलीदेवी कालेज के सामने इन्दौर में आयोजित की जायेगी।

### पार्षद पद के लिए 7 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल

इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना। इंदौर नगर निगम के वार्ड क्रमांक 83 में रिक्त पार्षद पद के उप चुनाव के लिए प्रक्रिया जारी है। नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन आज 7 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किये गये। जिन उम्मीदवारों द्वारा नामांकन दाखिल किये गये है उनमें विकास जोशी (इंडियन नेशनल कांग्रेस), श्री संजय मालवीय (इंडियन नेशनल कांग्रेस), श्री जितेन्द्र राठौर (भारतीय जनता पार्टी), श्री योगेन्द्र मौर्य (निर्दलीय), श्री पारस जैन (आम आदमी पार्टी), सुश्री पूजा साहनी (बहुजन समाज पार्टी) तथा श्री विनोद सिंह सूर्यवंशी (निर्दलीय) शामिल है। मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा (जांच) 29 अगस्त 2024 को प्रातः 10:30 बजे से कक्ष क्रमांक 101 (न्यायालय कक्ष) प्रशासनिक संकुल, कलेक्टर कार्यालय इन्दौर में की जायेगी। अभ्यर्थिता वापस लेने की अंतिम तारीख 31 अगस्त 2024 तक रहेगी। नाम निर्देशन पत्र उक्त अवधि में दोपहर 03 बजे तक वापस लिये जा सकेंगे। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने और निर्वाचन प्रतीकों के आवंटन का कार्य 31 अगस्त 2024 को ही अभ्यर्थिता से नाम वापसी के ठीक बाद होगा। निर्वाचन के लिये मतदान 11 सितम्बर बुधवार को प्रातः 07 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक होगा। मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा 13 सितम्बर 2024 को प्रातः 09 बजे से जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम इन्दौर में होगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह के निर्देशन में उक्त सभी चुनाव निर्विघ्न, व्यवस्थित, पारदर्शी तथा शांतिपूर्ण रूप से कराने के लिए सभी माकूल इंतजाम किये जा रहे है। इसी तरह जिले में विभिन्न पंचायतों के विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति के लिए भी प्रक्रिया जारी है। इनके लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि भी आज थी।

## राज्यपाल श्री पटेल की कुशलक्षेम की जानकारी लेने मुख्यमंत्री डॉ. यादव एम्स भोपाल पहुँचे

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल की कुशलक्षेम की जानकारी लेने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) भोपाल पहुँचे। मुख्यमंत्री ने एम्स परिसर में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में बताया कि राज्यपाल श्री पटेल वायरल फीवर के कारण 2 दिन पहले इलाज के लिए एम्स भोपाल आए थे। अब उनका स्वास्थ्य बेहतर है और वे शीघ्र ही स्वास्थ्य लाभ के बाद अपने निवास पहुँचेंगे।

### प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर हो रहा है सुधार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एम्स भोपाल की ओपीडी में मौजूद मरीजों और उनके परिजन से भी कुशलक्षेम पूछी और संस्थान की व्यवस्थाओं तथा मिल रही सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एम्स भोपाल की व्यवस्थाओं के संबंध में संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान के संचालक और समस्त स्टॉफ सेवा भाव से कार्य कर रहे हैं। इसी का परिणाम है कि केंद्र सरकार द्वारा भोपाल को एम्स के रूप में दी गई सौगात के प्रति जन-सामान्य का विश्वास और भरोसा दिन प्रतिदिन बढ़ रहा है। पात्र मरीजों को आयुष्मान कार्ड का भी यहां लाभ मिल रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाओं में निरंतर सुधार हो रहा है, इसके लिए हम सब उनके आभारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एम्स भोपाल के कुशल संचालन के लिए वहां के समस्त डॉक्टर और स्टॉफ को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# उद्योग समूहों और निवेशकों ने मध्यप्रदेश सरकार पर जताया भरोसा : मुख्यमंत्री

## क्षेत्रीय इन्वेस्टर्स समिट के परिणाम प्रोत्साहित करने वाले

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्वालियर में हो रही इन्वेस्टर समिट में, अब तक हुई सभी इन्वेस्टर समिट से बेहतर परिणाम आने की उम्मीद है। क्षेत्रीय स्तर पर औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश के विभिन्न भागों में की जा रही इन्वेस्टर समिट के परिणाम प्रोत्साहित करने वाले हैं।

उद्योग समूहों और निवेशकों ने मध्यप्रदेश सरकार पर भरोसा जताया हैं, राज्य सरकार उनकी अपेक्षाओं पर खरी उतरने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रसन्नता का विषय है कि प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों को प्रोत्साहन के लिए लागू की गई नीतियों और व्यवस्थाओं के प्रति उद्योगपति और निवेशक विश्वास व्यक्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एम्स भोपाल के परिसर में मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा में यह बात कही।

### *प्रदेश के उद्योगपति अपनी गतिविधियों को विस्तार दें और युवा उद्यमशीलता के क्षेत्र में आगे आएं

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इन्वेस्टर समिट प्रदेश में रोजगार के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। हमारा प्रयास है कि प्रदेश के उद्योगपति भी अपनी गतिविधियों को विस्तार दें और प्रदेश के युवा अपने उद्यम आरंभ करें। राज्य सरकार उन्हें हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर है। राज्य सरकार ने उद्योग और उद्यमशीलता में युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए आरंभ किये गये विशेष अभियान अंतर्गत गतिविधियां जारी है। समिट जीडीपी बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी। समिट में शिक्षा, एमएसएमई, भारी उद्योग और कृषि अभियांत्रिकी सहित सभी सेक्टर को शामिल किया गया है।

### प्रदेश में निवेश आमंत्रित करने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की कोलकाता और विदेश यात्रा प्रस्तावित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों के लिए उद्योगपतियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से वे अगले माह सितंबर में कोलकाता में रोड-शो करेंगे। उन्होंने बताया कि आगामी 27-28 सितंबर को सागर और अक्टूबर में रीवा में भी इन्वेस्टर समिट होगी। प्रदेश में विदेशी निवेश आकर्षित करने के लिए नवंबर माह में उनकी विदेश यात्रा भी प्रस्तावित है।

स्मृति शेष

## अस्थियां मुंह में दबाए कुत्ते को देखा तो विचलित होकर सामूहिक विसर्जन की शुरुआत की

**कीर्ति राणा इंदौर**



आज पत्रकारिता कर रही पीढ़ी और दो दशक में जवान हुए युवाओं के लिए तो मोहनलाल सोनी मतलब कुर्ते-पाजामे पर काली बंडी, काली टोपी पहने और साइकिल पर चलने वाला एक आम आदमी हो सकता है जो यदाकदा धार्मिक कार्यक्रम का प्रेस नोट लेकर अखबारों में पहुंच जाता था।

पूर्वी-पश्चिमी क्षेत्र के विभिन्न समाजों के वरिष्ठजन जानते हैं मोहनलाल सोनी के निधन से इंदौर ने क्या खोया है।95 वर्षीय समाजसेवी मोहनलाल सोनी का अंतिम संस्कार पंचकुइया मोक्ष धाम पर किया गया।उनके ज्येष्ठ पुत्र राजेन्द्र सोनी ने मुखाग्नि दी।

दाह संस्कार के तीसरे दिन फूल चुनने के बाद ज्यादातर तो तेरहवें के पहले ही पवित्र नदी में विसर्जन कर आते हैं।ऐसे मृतकों के साथ ही लावारिस लाशों की अस्थियां फूटी मटकियों से जमीन पर बिखरी रहती हैं। लेना-विसर्जन करना वो बेटे-भाई भी याद नहीं रख पाए जो वारिस के रूप में संपत्ति पर कोर्ट-कचहरी करने में नहीं हिचकिचाते।

करीब 20 साल पहले मोहनलाल सोनी साइकिल से पंचकुइयां श्मशानघाट वाले रास्ते से जा रहे थे, पत्नी पीछे बैठी थी।लाल कपड़े वाली पोटली दबाए एक कुत्ता सामने से भागता हुआ निकला।पोटली का कपड़ा ढीला हुआ और अस्थियां सड़क पर बिखर गई।सोनी जी द्रवित हो गए।वहां से एमओजी लाईन में तब रहने वाले पत्रकार चंदू गुप्ता के पास पहुंचे, लावारिस अस्थियों के विसर्जन को लेकर चर्चा चली, उसी वक्त श्रद्धा सुमन सेवा समिति का नाम तय हुआ।समिति से हरि अग्रवाल, अशोक जायसवाल, डॉ चैतन सेठिया, राजेंद्र गर्ग, कमल गुप्ता, चंदू गुप्ता जगमोहन वर्मा आदि को जोड़ा।

समिति ने पहले लावारिस अस्थियों के विसर्जन का काम हाथ में लिया।पंचकुईया मुक्तिधाम की बेहतरी के लिए निशुल्क सेवा देने वाले (स्व) प्रेम बाहेती को योजना बताई, उन्होंने तत्कालीन एमआईसी सदस्य ललित पोरवाल को सहयोग के लिए प्रेरित किया लेकिन बाद में सोनी और अन्य साथियों ने ही शहर के श्मशानघाटों से लावारिस अस्थियां जुटाना शुरु कर दी। तब वे अखबारों में प्रेस नोट लेकर जाते थे ताकि अन्य उन परिवारों को भी सूचना हो जाए कि पूजन पश्चात विसर्जन के लिए कब रवाना होंगे। गायत्री पद्धति से हवन-पूजन पश्चात देश की शायद ही कोई पवित्र नदी बची हो जहां लावारिस अस्थियों का विसर्जन नहीं किया गया हो। इस पुण्य कार्य में भी इंदौर नंबर वन बना बाद में अन्य राज्यों ने भी प्रेरणा ली।

## बीएड टीचर्स ट्रेनी का ओरिएंटेशन कार्यक्रम



इंदौर। कॉम्प फ़ीडर्स ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के बीएड डिपार्टमेंट कॉम्प फ़ीडर्स तकनीकी प्रशिक्षण संस्था में नव-प्रवेशित बीएड ट्रेनी टीचर्स के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में संस्था प्रबंधक अवधेश दवे सर ने मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वर्तमान में हर कोई रुपये को महत्व देने में लगा हुआ, जबकि होना यह चाहिए कि स्वयं को नॉलेज प्राप्त कर स्वयं को इतना सक्षम बना लेना चाहिए कि भविष्य में किसी तरह की कोई समस्या का सामना न करना पड़े।

सच्ची सफलता आपके प्रयासों में है। स्किल बेस्ड एजुकेशन का महत्व वर्तमान में बढ़ गया है, आपका नॉलेज और आपकी स्किल आपको हर क्षेत्र में आगे बढ़ने में सहायक होती है। संस्था की जनरल मैनेजर सीमा वर्मा मैडम द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि टीचर्स का जीवन में महत्वपूर्ण रोल होता है, ट्रेनी टीचर्स इस दिशा में सीखने की ओर अपना कदम बढ़ाए। प्राचार्य डॉ रितेश जैन मैडम द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को सीख दी। कार्यक्रम का संचालन कृति त्रिपाठी एवं आभार तरुणा शर्मा द्वारा दिया गया। इस अवसर पर जितेंद्र बोदड़े, मनीषा होलकर, अजय भटनागर एवं लीना टोंडे भी उपस्थित थे।

## ऑनलाइन गेम के कर्ज में फंसने के बाद रेलवे के स्टेशन मास्टर ने फांसी लगाई



उज्जैन। जल्द अमीर बनने का लालच इन दोनों मौत का कारण बन रहा है। सरकार 28% जीएसटी वसूल करने के चक्कर में जुआ खिलाने की अनुमति ऑनलाइन दे रही है। इसमें जुआ कंपनियों को तो बड़ा फायदा हो रहा है। लेकिन सैकड़ो परिवारों के ऊपर हर माह मौत का साया मंडरा रहा है।

उज्जैन के विक्रम नगर रेलवे स्टेशन के उप स्टेशन प्रबंधक देवेंद्र प्रधान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह ऑनलाइन क्रिकेट गेम मे लाखों रुपए के कर्ज में आ गए। पिछले तीन-चार महीने से सूदखोर कर्ज की वसूली का दबाव बना रहे थे। रेलवे की सरकारी नौकरी होते हुए भी उन्हें ऑनलाइन गेम खेलने के कारण आत्महत्या कर अपने जीवन को समाप्त कर लिया है। कर्ज को लेकर वह अपने दोस्तों के साथ लगातार चिंता व्यक्त करते थे। पुलिस ने आत्महत्या का प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि वह परिजनों के बयान लेने के बाद ही आत्महत्या किस कारण से की गई है। इसको बता पाएगी।

# राजबाड़ा की सफाई के लिए मेयर, कलेक्टर, कमिश्नर ने थामी झाड़ू

इन्दौर । गोगानवमी के चलते शहरभर के सफाई कर्मचारी आज अवकाश पर हैं और उनके सम्मान में शहरभर में जनभागीदारी से स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह सुबह मेयर, कलेक्टर और कमिश्नर सहित कई निगम और प्रशासनिक अधिकारियों ने झाड़ू थामकर राजबाड़ा चौक का सफाई अभियान शुरू किया। शहर के अलग अलग इलाकों में भी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ-साथ रहवासी संगठनों ने यह अभियान चलाया।

### सफाई मित्रों के अवकाश पर रहने के चलते जनभागीदारी से शहर में चला स्वच्छता अभियान





आज अवकाश के चलते शहरभर के हजारों सफाई मित्र अवकाश पर रहते हैं और हर वर्ष नगर निगम द्वारा ऐसी स्थिति में जनभागीदारी से सफाई का अभियान चलाया जाता है। आज सुबह 7 बजे राजबाड़ा चौक पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर आशीष सिंह, निगमायुक्त शिवम वर्मा, कई अपर आयुक्त, जनप्रतिनिधि और निगम के अफसरों के साथ- साथ कई प्रशासनिक अधिकारी भी वहां पहुंचे और झाड़ू थामकर कई हिस्सों में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान वहां कई संगठनों के पदाधिकारियों को स्वच्छता की आला अधिकारियों ने शपथ भी दिलाई। शहर के कई प्रमुख बाजारों और कालोनियों में भी क्षेत्रीय पार्षदों के साथ रहवासियों ने सफाई अभियान चलाया।

झाड़ू थामकर राजबाड़ा चौक का सफाई अभियान शुरू किया। शहर के अलग अलग इलाकों में भी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ-साथ रहवासी संगठनों ने यह अभियान चलाया।

आज अवकाश के चलते शहरभर के हजारों सफाई मित्र अवकाश पर रहते हैं और हर वर्ष नगर निगम द्वारा ऐसी स्थिति में जनभागीदारी से सफाई का अभियान चलाया जाता है। आज सुबह 7 बजे राजबाड़ा चौक पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कलेक्टर आशीष सिंह, निगमायुक्त शिवम वर्मा, कई अपर आयुक्त, जनप्रतिनिधि और निगम के अफसरों के साथ- साथ कई प्रशासनिक अधिकारी भी वहां पहुंचे और झाड़ू थामकर कई हिस्सों में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान वहां कई संगठनों के पदाधिकारियों को स्वच्छता की आला अधिकारियों ने शपथ भी दिलाई।

शहर के कई प्रमुख बाजारों और कालोनियों में भी क्षेत्रीय पार्षदों के साथ रहवासियों ने सफाई अभियान चलाया। नवलखा चौराहे पर एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा के साथ निगम के अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर व छात्रों के तो 56 दुकान पर विधायक महेंद्र हार्डिया, एमआईसी मेंबर नंदकिशोर पहाड़िया और कैलाश पिपले ने दुकानदारों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया।

सुबह वार्डों में हल्ला गाड़ियां भी नियमित समय पर पहुंची और डोर टू डोर कचरा कलेक्शन भी किया गया। अधिकारियों के साथ नेताओं ने भी किया सफाई कार्य।

## श्री अग्रवाल महिला प्रगति क्लब का अग्रसेन जयंती कार्यक्रम



**इंदौर।** इंदौर अग्रवाल समाज की महिलाओ की अग्रणी संस्था श्री अग्रवाल महिला प्रगति क्लब का अग्रसेन जयंती के अवसर पर रंगारंग अंतक्षरी का कार्यक्रम रखा गया है। क्लब की संस्थापिका श्रीमति कांता अग्रवाल एवं अध्यक्ष श्रीमति उर्मिला गर्ग ने बताया की यह वर्ष संस्था का 38 वा वर्ष है एवं महाराजा अग्रसेन जी की 5148 वी जयंती पर दिनांक 20 सितम्बर को संस्था द्वारा रंगारंग सूरो की झंकार अंतक्षरी के कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है जिसमे प्रथम पुरस्कार 31000 का, द्वितीय पुरस्कार 21000, तृतीय पुरस्कार 11000 का और चतुर्थ पुरस्कार 7000 रु का रखा गया है। इसके साथ साथ श्रोताओं के लिए बनी विशेष पुरस्कार रखे गए है। इस व्सर पर संस्था द्वारा विभिन्न सेवा कार्य भी किए जाएंगे जिसमे 1 ओक्टोबर को राम सेवक आश्रम सिद्धार्थ नगर मे जरूरतमंदों के लिए भोजन रखा गया है ।

## अभिषेक पँवार करेंगे युथ पार्लियामेंट : SAARC युथ समिट 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व

इंदौर। इंदौर के युवा और SDGs & सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक पँवार को आने वाले युथ पार्लियामेंट : SAARC युथ समिट 2024 में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए चयनित हुए है।



यह समिट दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (SAARC) के सदस्य देशों के युवाओं को एक मंच पर लाने और उनके विचारों एवं नेतृत्व कौशल को निखारने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

अभिषेक पँवार, जो अपने सामाजिक और पर्यावरणीय कार्यों के लिए जाने जाते हैं, इस प्रतिष्ठित मंच पर भारत के युवाओं की आवाज़ बनकर उभरेंगे। अभिषेक पँवार ने पिछले दशक में पर्यावरण संरक्षण, युवा सशक्तिकरण और सतत विकास लक्ष्यों (SDGs) की दिशा में अपने महत्वपूर्ण योगदान से पहचान बनाई है।

वह लंबे समय से युवाओं को नेतृत्व के अवसर प्रदान करने और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर जागरूकता फैलाने के लिए सक्रिय रहे हैं। अब, वह SAARC युथ समिट 2024 में भारत की ओर से अपनी सोच, दृष्टिकोण, और अनुभवों को साझा करेंगे।

इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर टिप्पणी करते हुए, अभिषेक पँवार ने कहा, भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए एक बड़े सम्मान की बात है। मैं इस अवसर का उपयोग दक्षिण एशियाई युवाओं को एकजुट करने, उनके विचारों को प्रोत्साहित करने और हमारे क्षेत्र में शांति और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए करूंगा।

## 7 साल पहले हुई आर्मी जवान की हत्या मामले में 6 को उम्रकैद, 54 हजार अर्थदंड भी

इन्दौर। विशेष न्यायाधीश देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा न्यायालय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 ने सात साल पहले सेना के जवान की हत्या के मामले में 6 आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाते पीड़ित परिवार को प्रतिकर दिलाए जाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अनुशंसा की है।



अभियोजन की ओर से पैरवी अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी आरती भदौरिया और विशेष लोक अभियोजक विशाल श्रीवास्तव ने की थी। जिला लोक अभियोजन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव के अनुसार प्रकरण सुनवाई के बाद हत्या के आरोपी दिलीप, हेमंत उर्फ कालू पिता रामचंद्र वर्मा, रोहित, मोहित, अर्जुन और विकास निवासी रामदत्त का भट्टा बाणगंगा को धारा 302/149 भादंवि में उम्र कैद और धारा 307/149 में 10-10 साल की सजा सुनाई है। 54000 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। प्रकरण में चालान थाना बाणगंगा द्वारा प्रस्तुत किया गया था। प्रकरण कहानी संक्षेप में इस प्रकार है कि योगेश पाल जो कि मिलिट्री में नौकरी करता है के परिवार से आरोपियों ने विवाद के चलते पहले से ही रंजिश पाल रखी थी। योगेश पाल छुट्टियों में घर आने के दौरान 22 जनवरी 2017 को अपने दोस्त वरुण चौहान जो कि आर्मी पठानकोट में टेक्नीशियन के पद पर पदस्थ था के घर स्कीम नंबर 51 में खाना खाने गया था। उसके बाद उसी रात 10-30 बजे वह अपनी बाइक से वरुण के साथ अपने घर आ रहा था, तभी रामदत्त का भट्टा मैदान पर तलवारों से लैस आरोपियों हेमंत कौशल, दिलीप कौशल, मोहित यादव, विकास उर्फ विक्की बौरासी, अर्जुन बौरासी, रोहित कौशल मिले और पुरानी रंजिश को लेकर उन पर हमला कर उन्हें बुरी तरह से जख्मी कर दिया। गंभीर अवस्था में उन्हें अरविंदो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल में वरुण की मृत्यु हो गई। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में चालान पेश किया। सुनवाई के दौरान 29 गवाहों के बयान समर्थन में करवाते हत्या में प्रयुक्त हथियार तथा अन्य सबूत कोर्ट में पेश किए गए। कोर्ट ने गवाह और सबूतों को ध्यान में रखते हुए आरोपियों को उम्र कैद की सजा सुनाते अर्थदंड से भी दंडित किया।

## मालवा मिल चौराहे पर अखंड भारत का कार्यक्रम संपन्न

इंदौर। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला प्रचार प्रमुख अन्नु गेहलोत ने बताया मालवा मिल चौराहे पर धूमधाम से अखंड भारत का कार्यक्रम हुआ अन्नू गेहलोत ने आगे बताया कि अखंड भारत हमारे लिए केवल शब्द नहीं है। यह हमारी श्रद्धा, भाव, देशभक्ति व संकल्पों का अनवरत प्रयास है जिसे प्रत्येक देशभक्त जीवंत महसूस करता है।

हम इस भूमि को माँ मानते हैं और पुत्रवत इस भूमि की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। हम कहते भी हैं- माताभूमि¬ पुत्रोहंपृथिव्या¬। इसलिए माँ का प्रत्येक कष्ट हमारा अपना कष्ट है और एक माँ खंडित रहे, कष्ट में रहे, यह उसके पुत्र कैसे स्वीकार कर सकते हैं।

अखंड भारत की आकांक्षा के साथ साथ हमें अपने लिए कुछ करने वाली बातें भी तय करनी होगी। हमें समाज की कमियों को पहचान कर उसको दूर करने के लिए तत्पर रहना,अपने आप को संगठित रखना, अपने सिद्धांतों को व्यवहार में उतारना व जीवन में उसका प्रकटीकरण दिखना, देशहित के बारे में सोचने वाले बंधुओं को व समाज की सज्जन शक्ति को साथ लेकर चलना।

इन सब बातों का ध्यान रखते हुए नित्यप्रति अखंड भारत का स्वप्न अपनी आँखों में रखना। देशकार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे प्रखंड संयोजक पीयूष कौशल, दीपेश वर्मा ,निखिल वर्मा, अनमोल, पोरवाल, सूरज वर्मा ,रोशन वर्मा शामिल थे।

# जीरो रिटर्न बिना जुर्माने के अभी भी कर सकते हैं फाइल

### जीरो रिटर्न के होते है कई फायदें

इंदौर। इनकम टैक्स रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने की आखिरी तारीख 31 जुलाई निकल चुकी है। अब इनकम टैक्स फाइल करने वालों को जुर्माना भरना होगा लेकिन, जीरो रिटर्न यानी शून्य टैक्स देनदारी वाला रिटर्न अब भी बिना किसी जुर्माने के फाइल किया जा सकता है। इसमें आप कोई डिडक्शन क्लेम नहीं कर सकेंगे। आपकी कुल कमाई सीधे बेसिक एग्जेम्पशन लिमिट के अंदर आनी चाहिए।

न्यू टैक्स रिजीम में बेसिक एग्जेम्पशन लिमिट सभी के लिए तीन लाख रुपए है। वहीं, ओल्ड टैक्स रिजीम में 60 साल से कम उम्र वालों के लिए बेसिक एग्जेम्पशन लिमिट 2.5 लाख रुपए है। 60 से 80 साल के लिए तीन लाख और 80 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए पांच लाख रुपए है। इस दायरे में आने वाले लोग बिना जुर्माने के रिटर्न फाइल कर सकते हैं।



इनकम टैक्स रिटर्न आपकी कमाई के सबूत के रूप में काम करता है। जब आप आईटीआर फाइल करते हैं, तो वह इस बात पुख्ता सबूत होता है कि आपकी किसी सोर्स से कमाई हो रही है। इससे आपकी क्रेडिट प्रोफाइल भी बन जाती है। इससे आपको बैंक या फिर एनबीएफसी यानी (नॉन-बैंकिंग फाइनेंस कंपनीज) से कर्ज लेने में आसानी होती है। अगर आप नौकरीपेशा हैं और फॉर्म 15जी-एच जमा नहीं कर पाए हैं तो आपके वेतन से टीडीएस (टैक्स डिडक्शन एट सोर्स) कटौती हो जाएगी। ऐसे में जीरो रिटर्न आपको नुकसान से बचा सकता है। इसकी मदद से आप उस टीडीएस रकम की वापसी का क्लेम कर सकते हैं, जिसे आपकी कंपनी ने सैलरी से काटा है।

अगर आप बिजनेस या शेयर मार्केट में निवेश करते हैं, तो आपको वित्त वर्ष के दौरान नुकसान भी हो सकता है। ऐसे में आप जीरो रिटर्न को फाइल करके अपने नुकसान को दिखा सकते हैं। जब आने वाले समय में आपको मुनाफा होगा, तो आप उस घाटे को टैक्सेबल इनकम में एडजस्ट करा सकते हैं। इससे आपकी टैक्स देनदारी कम हो जाएगी।

जीरो आईटीआर से आपको कई देशों का वीजा आसानी से मिल जाएगा। कई बार विदेश यात्रा के लिए कुछ साल आईटीआर मांग लेते हैं। वे असल में आपके इनकम-लेवल को वेरिफाई करना चाहते हैं। ऐसे में बैंक स्टेटमेंट और दूसरे फाइनेंशियल डॉक्युमेंट के साथ आईटीआर की भी जरूरत पड़ सकती है। कई स्कॉलरशिप या फेलोशिप आय के हिसाब से दी जाती है। अगर आपने जीरो आईटीआर फाइल कर रखा है, तो आप अपनी इनकम लिमिट को आसानी से दिखा सकते हैं। इससे आपको उन सरकारी फेलोशिप को पाने में आसानी होगी, जो खासकर कम आय वाले परिवारवाले के लिए होती है।

अगर आप पहली दफा इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की शुरुआत कर रहे हैं और आपकी कुल आमदनी टैक्सेबल इनकम के दायरे में नहीं आती, तो आप निल रिटर्न दाखिल कर सकते हैं। इसे वे लोग भी फाइल कर सकते हैं, जो पिछले कई साल से रिटर्न दाखिल कर रहे थे, लेकिन इस बार उनकी आय इनकम टैक्स दायरे से नीचे आ गई। हालांकि, डेडलाइन के बाद जीरो रिटर्न फाइल करने से घाटे को कैरी फॉरवर्ड करने जैसे फायदे नहीं मिलते हैं।

## कांग्रेस ने किया गोगानवमी पर स्वागत




**रतलाम।** लोक देवता श्री गोगा देव जी के जन्मोत्सव पर कांग्रेस परिवार द्वारा मंदिर पर पूजा कर छड़ी एवं निशान की पूजा की, निकलने वाले चल समारोह का स्वागत कर समस्त क्षेत्र के भगत जी एवं खलीफाओं का साफा बांधकर स्वागत किया । वाल्मीकि समाजजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, पूर्व अध्यक्ष विनोद मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या, सोहेल काजी, प्रवक्ता जोएब आरिफ, उप नेता कमरुद्दीन कछवाय, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष हितेश पेमाल, यंग ब्रिगेड सेवादल अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, विशाल कंडारे, प्रदीप राठौड़, अफजल शाह, आदि उपस्थित रहे।

## ताल उपचुनाव के लिए प्रत्याशी घोषित

**रतलाम।** ताल नगर परिषद वार्ड क्र 9 के उपचुनाव हेतु भारतीय जनता पार्टी द्वारा समर्थित प्रत्याशी श्रीमती सीमा नारायण दास बैरागी होगी। यह घोषणा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि उपचुनाव प्रत्याशी की घोषणा क्षेत्रिय सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक चिंतामणि मालवीय एवं जिला प्रभारी प्रदीप पांण्डेय की सहमति से की गई है।

## जांच प्रभावित नहीं हो इस दृष्टि से रोजगार सहायक को अन्यत्र संबंद्ध किया

**रतलाम।** जिला स्तरीय जनसुनवाई में ग्राम तारा तलाई तहसील बाजना के आवेदक नानजी पिता थावरा मुनिया ने आवास योजना अंतर्गत शिकायती आवेदन दिया, आवेदन पर जांच की जा रही है। जांच प्रभावित नहीं हो इस दृष्टिगत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रृंगार श्रीवास्तव ने प्रारंभिक जांच की समाप्ति तक ग्राम पंचायत देवली के रोजगार सहायक मुनेश मेड़ा को आगामी आदेश पर्यंत जनपद पंचायत सैलाना में संबंद्ध कर दिया है।

## कांग्रेस ने किया गोगानवमी पर स्वागत

**रतलाम।** लोक देवता श्री गोगा देव जी के जन्मोत्सव पर कांग्रेस परिवार द्वारा मंदिर पर पूजा कर छड़ी एवं निशान की पूजा की। निकलने वाले चल समारोह का स्वागत कर समस्त क्षेत्र के भगत जी एवं खलीफाओं का साफा बांधकर स्वागत किया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, पूर्व अध्यक्ष विनोद मिश्रा, ब्लॉक अध्यक्ष बसंत पंड्या, सोहेल काजी, प्रवक्ता जोएब आरिफ, उप नेता कमरुद्दीन कछवाय, पार्षद नासिर कुरैशी, अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अध्यक्ष हितेश पेमाल, यंग ब्रिगेड सेवादल अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा, विशाल कंडारे, प्रदीप राठौड़, अफजल शाह आदि उपस्थित रहे।

## परमात्मा की वाणी पावरफुल होती हैं, उसे जरूर सुने : आचार्य देव श्री नयचंद्रसागर सुरीश्वर जी म.सा.

**रतलाम।** आचार्य देव श्री नयचंद्रसागर सुरीश्वर जी म.सा. एवं गणिवर्य डॉ. अजीत चंद्र सागर जी म.सा. की निश्रा में सैलाना वालों की हवेली मोहन टॉकीज में चतुर्मासिक प्रवचन चल रहे है। आचार्य श्री द्वारा बुधवार को प्रवचन के दौरान पर्व को परिभाषित करते हुए यह बताया कि इसे क्यों मनाया जाता हैं। आचार्य देव श्री नयचंद्रसागर सुरीश्वर जी म.सा. ने कहा कि गन्ने में जो गठान होती है, वह पर्व कहलाती है। यह गठान गन्ने में रस को टिकाने के लिए उसमें थोड़ी-थोड़ी दूरी पर होती है। ऐसा ही धर्म में भी है। हम पर्व के दौरान तो पूजा, पाठ भक्ति भाव करते हैं लेकिन उसके बाद यह कम हो जाता है। इसे निरंतर बनाए रखने के लिए पर्व की व्यवस्था है। पर्व का काम है रस को टिकाने का, ताकि पर्व के बाद भी रस टीका रहे। आचार्य श्री ने कहा कि परमात्मा की मूल वाणी सुनने का अवसर हमें पर्युषण पर्व के अवसर पर मिल रहा है। परमात्मा की वाणी पावरफुल होती हैं। हमें पर्युषण की आराधना तो करना है लेकिन उसके बाद भी हमें निरंतर प्रभु की आराधना करते रहना है। हमें प्रभु की वाणी लोगों को सुनाने का लाभ लेना है तो कम से कम दस लोगों को इसकी जानकारी दे। परमात्मा की मूल वाणी निरंतर चलेगी। श्री देवसुर तपागच्छ चारथुई जैन श्री संघ गुजराती उपाश्रय रतलाम एवं श्री ऋषभदेव जी केसरीमल जी जैन श्वेतांबर पेढ़ी रतलाम ने समाजजनो से अधिक से अधिक उपस्थित रहने का आव्हान किया है।

## गोगा नवमी के दूसरे दिन जनप्रतिनिधियों ने किया सफाई का कार्य

**रतलाम।** गोगा नवमी पर महाराजा सज्जन सिंह चौराहा पर सफाई सरंक्षकों के विभिन्न संगठनों द्वारा लगाये गये स्वागत मंच के किये गये स्वागत से हुए कचरे को महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन समिति प्रभारी विशाल शर्मा, क्षेत्रिय पार्षद श्री योगेश पापटवाल तथा निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों ने साफ किया। महापौर श्री प्रहलाद पटेल ने बताया कि गोगा नवमी के दूसरे दिन सफाई संरक्षकों का अवकाश रहता है मंच से किये गये स्वागत से महाराजा सज्जन सिंह जी चौराहे की सड़कों कचरा बिखरा हुआ था। नगर निगम ने सफाई संरक्षकों को अवकाश देते हुए स्वच्छता के प्रति नया कदम उठाया और जनप्रतिनिधियों व निगम अधिकारी तथा कर्मचारियों ने स्वंय झाडू लगाकर सड़कों को साफ किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी विनयसिंह चौहान सहित निगम कर्मचारी उपस्थित थे।

## जबलपुर मंडल में ब्लॉक के कारण ट्रेने प्रभावित

**रतलाम।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के कटनी मुड़वारा-बीना खंड में तीसरी लाइन के लिए दामोह स्टेशन पर प्रस्तावित ब्लॉक के कारण रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेने निरस्त रहेगी ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार है निरस्त ट्रेनेः- 1. तत्काल प्रभाव से 5 सितम्बर, 2024 तक इंदौर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18233 इंदौर बिलासपुर एक्सप्रेस, 2. तत्काल प्रभाव से 5 सितम्बर, 2024 तक बिलासपुर से चलने वाली गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर इंदौर एक्सप्रेस यात्रीगण ट्रेनों की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए के लिए कृपया www.enquiræy.indiangmail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# भाजपा की नींव के पत्थर है कार्यकर्ता : जिला प्रभारी मंत्री कुंवर विजय शाह

**रतलाम।**

जिले के प्रभारी मंत्री कुंवर विजय शाह का प्रथम रतलाम आगमन पर जिला भाजपा द्वारा समारोह पूर्वक स्वागत सम्मान किया गया। समारोह की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की।



इस दौरान ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर, आलोट विधायक डॉ. चिन्तामणि मालवीय, महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, पूर्व विधायक दिलीप मकवाना, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, ईश्वरलाल पाटीदार, राजेन्द्र सिंह लुनेरा, जिला महामंत्री संगीता चारेल एवं निर्मल कटारिया, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष विप्लव जैन सहित भाजपा के प्रदेश, जिला, मंडल,मोर्चा एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारी एवं बडी संख्या मे कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

प्रभारी मंत्री श्री शाह ने इस मौके पर कहा कि कार्यकर्ताओं की वजह से ही मोदी जी प्रधानमंत्री, डॉ.मोहन यादव मुख्यमंत्री और वें कैबिनेट मंत्री बने है। कार्यकर्ता ही भाजपा की नींव है। मंदिर मे जैसे कलश की पूजा होती है वैसे ही पार्टी मे कार्यकर्ताओं का सम्मान होना चाहिए। रतलाम जिले के प्रभारी मंत्री के रूप मे वे कार्यकर्ताओं का सम्मान रखने मे कोई कसर नहीं छोडेगे। वे हर महीनें जिले मे आयेंगे और जनपद स्तर पर रात्रि विश्राम करेगे। इस दौरान बुजुर्ग कार्यकर्ताओं, महिला कार्यकर्ताओं, पूर्व सैनिकों और शहीदों के परिवारों से मिलेंगे और अंतिम पंक्ति के कार्यकर्ता के घर चाय भी पीयेगे। जिला स्तर पर वे एक निज सहायक अलग रखेगे, जो हर कार्यकर्ता का काम प्राथमिकता से करेगा।

प्रभारी मंत्री श्री शाह ने कहा कि स्कूलों मे हाजिरी के दौरान बच्चे जय हिंद कहे और प्रार्थना के दौरान तिरंगा लहराये, ऐसा निर्णय उन्होने लिया है। इससे नई पीढी मे देश प्रेम की भावना जाग्रत होगी। कार्यक्रर्ताओं के चेहरों पर खुशी रहे और इनका सम्मान बना रहे है। इसका प्रयास हम सब मिलकर करेंगे। श्री शाह ने भाजपा की सदस्यता अभियान मे 3 लाख के लक्ष्य से अधिक सदस्य बनाने और रक्षाबंधन के उपलक्ष्य मे बहनों से भाई को सुरक्षा हेतु हेलमेट देना का आव्हान् भी किया। आरंभ मे जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने स्वागत भाषण दिया। पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी ने प्रभारी मंत्री का स्वागत किया। संचालन जिला कार्यालय मंत्री मनोज शर्मा द्वारा किया गया।

### संगीत के लिए साधना बहुत ज़रूरी : उस्ताद फारूक़ लतीफ

# कन्या शिक्षा परिसर में संगीत सभा आयोजित

**रतलाम।**

संगीत के लिए साधना बहुत आवश्यक है। संगीत के क्षेत्र में भी बहुत संभावनाएं हैं। जो विद्यार्थी संगीत को जीवन में अपनाता है उसे हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। यह मार्गदर्शन देश के प्रख्यात सारंगी वादक उस्ताद फारूक़ लतीफ ने शासकीय कन्या शिक्षा परिसर रतलाम में संस्कृति मंत्रालय स्पीक मैके एवं एस आर एफ के सहयोग से आयोजित संगीत सभा में व्यक्त किए।



फिल्मी दुनिया एवं शास्त्रीय संगीत की दुनिया में अपनी कला का जादू भी खेल चुके सारंगी वादक श्री फारूक लतीफ ने विद्यार्थियों के समक्ष अपना सारंगी वादन प्रस्तुत किया। उन्होंने राग चारूकेसी में सारंगी पर अपनी प्रस्तुति दी। इसके पश्चात शास्त्रीय संगीत में निबद्ध प्रमुख गीतों के माध्यम से भी विद्यार्थियों को सारंगी की उपयोगिता और इसके इतिहास से परिचित करवाया। उनके साथ तबले पर संगत देश के सुप्रसिद्ध तबला वादक मोहम्मद आसिफ ने दी। स्पीक मेंके के स्थानीय संयोजक श्री आनंद व्यास भी अवसर पर मौजूद थे। संस्था की ओर से प्राचार्य श्री गणतंत्र मेहता के मार्गदर्शन में संगीत सभा के माध्यम से विद्यार्थियों को लाभान्वित कर संस्था सदस्यों ने कलाकारों का स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने इस प्रस्तुति के लिए कलाकारों के प्रति आभार व्यक्त किया।

उस्ताद फारूक़ लतीफ ने इससे पूर्व सैफायर स्कूल में भी अपने प्रस्तुति दी। संस्था के संचालक प्रमोद व्यास एवं संस्था सदस्यों द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के साथी मौजूद थे।

उल्लेखनीय की वादन श्रृंखला अंतर्गत मंगलवार को प्रथम सत्र में सैफायर स्कूल में भी फारूक लतीफ द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस दौरान प्रमोद व्यास, श्रीमती सुलोचना शर्मा, गोपाल जोशी मौजूद रहे।

## प्रदेश के लीजेंड वॉलीबॉल खिलाडियों को सम्मानित किया



**रतलाम।** मध्य प्रदेश डायरेक्टर वालीबाल संघ,डायरेक्ट प्रमोशन वालीबॉल एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया एवं उज्जैन जिला डायरेक्ट वालीबाल संघ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित लीजेंड भूतपूर्व डायरेक्ट वॉलीबॉल खिलाडियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। खिलाडियों को अनिल जैन विधायक उज्जैन ,श्रीमती कलावती यादव सभापति म्युनिसिपल कॉरपोरेशन उज्जैन, मध्य प्रदेश और फेडरेशन के पदाधिकारी अफरोज शाह शेख महासचिव रोहितसिंह, कार्यक्रम संयोजक श्रीकांत वर्मा द्वारा सभी को शाल, श्रीफल, कैप, टी-शर्ट, स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिले के प्रकाश चंद्र व्यास रतलाम, सालार हुसैन बादशाह जावरा सहित इंदौर, उज्जैन, शामगढ़, भोपाल, शिवपुरी के लीजेंड वॉलीबॉल खिलाडियों को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला डायरेक्ट वालीबाल संघ रतलाम के यूं एल भाटी अध्यक्ष, महेश सोलंकी, महासचिव सहित लोकेंद्रसिंह डोडिया मोइनुद्दीन खान, याकूब मंसूरी, सुभाष चंद्र व्यास, नरेंद्रसिंह सिसोदिया, सुरेश चंद्र व्यास, जगदीश पानोला, जहीर खान आदि उपस्थित थे।

## प्रभारी मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह ने जिले के जनप्रतिनिधियों नागरिकों से मुलाकात की



**रतलाम।** जिले के प्रभारी मंत्री डॉ कुंवर विजय शाह बुधवार को रतलाम आए, प्रभारी मंत्री द्वारा स्थानीय सर्किट हाउस तथा रंगोली सभागृह में स्थानीय जनप्रतिनिधियों आम नागरिकों से मुलाकात की गई। इस अवसर पर विधायक रतलाम ग्रामीण मथुरा लाल डामोर, जिला अध्यक्ष भाजपा प्रदीप उपाध्याय, पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक चौटाला, राजेंद्र सिंह लुनेरा, पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, विप्लव जैन, विनोद करमचंदानी, जनपद अध्यक्ष श्रीमती साधना जायसवाल, कलेक्टर राजेश बाथम, पुलिस अधीक्षक राहुल लोढ़ा, अपर कलेक्टर आर एस मंडलोई, अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव, एसडीएम अनिल भाना आदि उपस्थित थे।

# शासकीय शमशान में अंतिम संस्कार करने से रोकने वाले आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने की कार्यवाही

**रतलाम।**

जिले के रिंगनोद थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुम्हारी के बारे में सोशल मीडीया में इस आशय की खबर आई की दलित समाज की सुगन बाई नामक महिला की मृत्यु होने पर गाँव के दबंगों ने कुम्हारी गाँव के शासकीय शमशान घाट में अंतिम संस्कार नही होने दिया।



जिसके बाद उक्त मामले में पुलिस ने कार्यवाही शुरू की। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढा द्वारा घटना की जांच कर त्वरित क़ानूनी कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान थाना रिंगनोद पुलिस टीम द्वारा रात्री में ही गाँव जाकर पीड़ित परिवार से संवाद कर पीड़ित परिवार को थाना रिंगनोद लाया गया। पीड़ित परिवार के बद्रीलाल पिता नागुलाल सुर्यवंशी एवं परिवार के व्यक्तियो से घटना के बारे में पूछताछ की गई।

पूछताछ के दौरान पीड़ित परिवार ने बताया कि 25 अगस्त को स्वर्गीय शंभुलाल सुर्यवंशी की पत्नी सुगन बाई की बीमार होने से मृत्यु हो गई थी। उस दिन तेज बारीश हो रही थी तथा हमारे समाज के शमशान में पतरे का शेड नही था तथा शासकीय शमशान में पतरे का शेड था। तब गाँव के नाहुसिंह पिता धुलसिंह राजपूत द्वारा शासकीय शमशान में अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया और हमारे समाज के शमशान घाट में खम्बे गढवाकर अस्थाई पतरे का शेड बनवा दिया।

मृतक के परिजन बद्रीलाल पिता नागुलाल सुर्यवंशी की रिपोर्ट पर थाना रिंगनोद पर धारा 301 बीएनएस 3(1)(5ड़)(८) एससी एसटी एक्ट का आरोपी नागुसिंह पिता धुलसिंह निवासी कुम्हारी के खिलाफ पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण में आरोपी नागुसिंह पिता धुलसिंह राजपूत निवासी ग्राम कुम्हारी थाना रिंगनोद को गिरफ्तार किया गया।

# जिले में सिंचाई के साधन होगे तो पलायन रुकेगा : प्रभारी मंत्री विजय शाह

**रतलाम।**

रतलाम जिले में केवल 10 प्रतिशत क्षेत्र में ही सिंचाई हो पा रही है। हमारी कोशिश रहेगी कि जिला प्रशासन के सभी संबंधिक विभागों से तत्काल इस पर काम शुरू करवाया जाए। जहां से भी संभव है वहां से नहरों, डेमों आदि के माध्यम से पानी पंहुचाया जाएगा।

यह बातें जिले के प्रभारी और प्रदेश सरकार में जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन व भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने कही। प्रभारी मंत्री ने अपने पहले दौरे के दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि जिले के लिए पहली बैठक में की गई समीक्षा पर चर्चा की।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सिंचाई होगी तो क्षेत्र से पलायन भी रुकेगा।और किसानों को भटकना नहीं पड़ेगा। शहर में संकरी गलियों, अतिक्रमण से मिलेगी राहत मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि रतलाम जिले की सबसे बड़ी समस्या है यहां की संकरी गलियां। इनके विस्तारीकरण के लिए जिला प्रशासन को प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश दिए गए हैं। यहां का सोना, सेंव, साड़ी, नमकीन बाजार बहुत अच्छा है। इसे और विकसित करने के लिए चौड़ी सड़कें देने की कोशिश होगी। उन्होंने कहा कि




नगर निगम को करीब 20-30 एकड़ जमीन दी जाए ताकि वहां फल, सब्जी मंडी, फूड जोन बनाया जा सके। नमकीन क्लस्टर के बारे में मंत्री ने कहा कि यहां की नमकीन विदेशों तक एक्सपोर्ट होती है। यहां प्रोपर गैसेस के साथ पैकेजिंग करवाने का प्रयास होगा ताकि लंबे वक्त तक नमकीन सही रहे और दूर तक जा सके।

### जल्द बनेगी नई बड़ी हवाई पट्टी

मंत्री डॉ. शाह ने बताया कि रतलाम देश के दोनों बड़े इंडस्ट्रियल हब दिल्ली और मुंबई के बीच में है। रेलवे का बड़ा सेंटर है और अब 8 लेन से भी जुड़ गया है। फिलहाल यहां छोटी हवाई पट्टी है, लेकिन भविष्य में यहां बड़े हवाई जहाज उतर सके, इसके लिए अभी से काम करना होगा। कलेक्टर को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रोजेक्ट बनाकर करीब 20 किमी दायरे में बड़ी हवाई पट्टी बनाने का प्रस्ताव लाएं जिसपर मुख्यमंत्री के समक्ष रखकर स्वीकृत करवाया जाएगा।

### हेल्प डेस्क और खिड़की से होगी समीक्षा

प्रभारी मंत्री ने कहा कि रतलाम और झाबुआ के लोगों को किसी भी काम के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। प्रभारी मंत्री की खिड़की प्रारंभ की जा रही है साथ ही हेल्प डेस्क भी संचालित होगी। यहां आवेदन, ज्ञापन, समस्या को लेकर कोई भी व्यक्ति सीधे संपर्क कर सकेगा। यहां आने वाले सभी आवेदनों की प्रति सप्ताह समीक्षा होगी। इतना ही नहीं भोपाल में भी रतलाम से आए हुए व्यक्तियों के काम के लिए पृथक से व्यवस्था होगी। वार्ता के दौरान सांसद सुधीर गुप्ता, रतलाम ग्रामीण विधायक मथुरालाल डामर, आलोट विधायक चिंतामणी मालवीय, महापौर प्रहलाद पटेल, कलेक्टर राजेश बाथम, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय समेत जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## फरार आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक श्री राय ने किया इनाम घोषित

**खण्डवा ।** पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार राय द्वारा थाना कोतवाली के अपराध क्रमांक 73/22 में फरार आरोपी मनोहर मालवीय पिता मांगीलाल निवासी ग्राम रूपखेड़ा तहसील आष्टा जिला सीहोर पर 5 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया है। इसके अलावा अपराध क्रमांक 459/2024 में फरार आरोपी अभिषेक पिता महेश विश्नोई निवासी जालवा जिला हरदा, अपराध क्रमांक 506/2024 में फरार आरोपी सोनू पिता मोहनलाल निवासी हरदा, अपराध क्रमांक 496/2024 में फरार आरोपी बंटी पिता अशोक निवासी भगवानपुरा तरूण पिता कैलाश मालवीय निवासी साईलिया खेड़ी एवं अपराध क्रमांक 353/2024 में फरार अज्ञात आरोपियों पर 10-10 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया। इसी तरह थाना जावर के अपराध क्रमांक 194/2024 एवं थाना छैगांवमाखन के अपराध क्रमांक 303/2024 में फरार अज्ञात आरोपियों पर 3-3 हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया। पुलिस अधीक्षक श्री मनोज कुमार राय ने बताया कि जो भी व्यक्ति इन फरार आरोपियों को गिरफ्तार कराने में मदद करेगा या इन्हें गिरफ्तार कराने के लिए जरूरी सूचना देगा उसे यह पुरूस्कार दिया जायेगा। सूचना देने वाले व्यक्ति का नाम पूर्णतः गोपनीय रखा जायेगा। इनाम के संबंध में अंतिम निर्णय पुलिस अधीक्षक खण्डवा का होगा। इन आरोपियों से संबंधित सूचना पुलिस कन्ट्रोल रूम के फोन नम्बर 7049138955 तथा 7049101036 पर दे सकते है।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़एक्सीलेंस में आई.आई.टी. दिल्ली के सहयोग से दो सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ हुए

**खण्डवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खंडवा में आई.आई.टी. दिल्ली के सहयोग से दो नवीन सर्टिफिकेट कोर्स आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा फिनटेक विथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रारंभ किये गए है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गणेश प्रसाद दावरे ने बताया कि यह कोर्स आज के प्रौद्योगिकी के युग की आवश्यकता है एवं विद्यार्थियों को भविष्य के लिये तैयार करने में बहुत ही कारगर सिद्ध होंगे। प्रत्येक सर्टिफिकेट कोर्स हेतु महाविद्यालय में 8-8 सीट उपलब्ध रहेगी। दोनों सर्टिफिकेट कोर्स पूर्ण रूप से निःशुल्क रहेंगे, केवल चयनित विद्यार्थियों से राशि 1 हजार रुपए सुरक्षा निधि के रूप में ऑनलाइन लिये जाएंगे, जिसे पाठ्यक्रम पूर्ण होने पर वापस किया जाएगा। नोडल अधिकारी ने बताया कि यह दोनों सर्टिफिकेट कोर्स 90 घंटे की अवधि के होंगे एवं प्रवेश चयन प्रक्रिया परीक्षा के आधार पर किया जायेगा। प्रवेश चयन प्रक्रिया के मापदंड विभाग द्वारा तैयार किए जाएंगे एवं चयन उपरांत विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण की जाएगी। परीक्षा का आयोजन महाविद्यालय में ही किया जावेगा एवं परीक्षा संबंधित मूल्यांकन महाविद्यालय स्तर पर ही होगा, इसके बाद मेरिट सूची का प्रकाशन महाविद्यालय द्वारा किया जाएगा। सर्टिफिकेट कोर्स के संचालन के बारे में अधिक जानकारी के लिए विद्यार्थी महाविद्यालय नोडल अधिकारी डॉ. अर्पणा अग्रवाल, सहायक प्राध्यापक, भौतिकी विभाग से संपर्क कर सकते हैं।

## जिला जेल खण्डवा का किया निरीक्षण एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम



**खण्डवा ।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती ममता जैन के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा के सचिव/जिला न्यायाधीश श्री यशवंत मालवीय ने 27 अगस्त को जिला जेल खण्डवा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री यशवंत मालवीय द्वारा कारागार के रसोई कक्ष का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता आदि का निरीक्षण किया गया। साथ ही निरीक्षण के दौरान जिला जेल खण्डवा के संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारियों को उचित दिशा निर्देश दिये गये। साथ ही विधिक जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से महिला एवं पुरूष बंदियों से प्रथक प्रथक चर्चा कर उचित सलाह एवं जानकारी दी गयी।

## जिला पंचायत परिसर में 30 अगस्त को आयोजित होगा रोजगार मेला

**खण्डवा ।** जिला रोजगार अधिकारी श्री लक्ष्मण सिंह सिलौटे ने बताया कि 30 अगस्त को रोजगार अवसर मेला का आयोजन स्थान जिला पंचायत परिसर जिला रोजगार कार्यालय खण्डवा में सुबह 11 बजे से 4 बजे तक किया जा रहा हैं जिसमें प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों के द्वारा तकनीकि एवं गैर तकनीकि क्षेत्र में लगभग 300 बेरोजगार युवक एवं युवतियों की निजि क्षेत्र में भर्ती की जावेगी। शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई डिप्लोमा सभी ट्रेड में, स्नातक एवं स्नाकोत्तर आदि। आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष तक, वेतनमान 7 हजार से 15 हजार रूपये दिया जावेगा, एवं अन्य सुविधा कम्पनियों के नियमानुसार रहेगी। इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज की फोटोकॉपी, 4 पासपोर्ट साइज फोटों, आधार कार्ड, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कार्ड, के साथ उपस्थित होकर मेले का लाभ उठायें एवं इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय खण्डवा के श्री प्रवीण कुमार राय के मोबाईल नम्बर 7225955513 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## स्कूलों में संचालित ऑटो चालकों की बैठक सम्पन्न

**खण्डवा ।** अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने स्कूलों में संचालित ऑटों चालकों की बैठक 28 अगस्त को सेंट जोसफ कान्वेंट स्कूल एवं सोफिया कान्वेट स्कूल में आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित समस्त ऑटो चालकों एवं ऑटो यूनियन के पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने ऑटो में आवश्यक जालियां लगावें, ओव्हरलोडिंग एवं ओव्हरस्पीडिंग नहीं करें, ड्रायवर की सीट पर बच्चों को नहीं बैठायें, ऑटो के ऊपर लगेज गार्ड नहीं लगायें व ऑटो के आवश्यक दस्तावेज जैसे वैध बीमा, परमिट, फिटनेस एवं चालक का ड्राईविंग लायसेंस प्राप्त करने उपरांत ही ऑटो संचालन करने संबंधी सख्त हिदायत दी गई। अन्यथा की दशा में मोटरयान अधिनियम की सुसंगत धाराओं में कार्यवाही की जायेगी। अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि सेंट जोसफ कान्वेंट स्कूल प्रबंधन की श्रीमती मंजू चंदेल को उनके स्कूल अंतर्गत संचालित, सभी ऑटो चालकों के पुलिस चरित्र सत्यापन का रिकार्ड रखने व जिनकें पुलिस चरित्र सत्यापन नहीं है, उनकी रिपोर्ट किये जाने हेतु कहां गया, जिससे संबंधित के विरूध्द नियमानुसार कार्यवाही की जा सके।

# एचआईवी एड्स की जागरुकता हेतु चलाया जा रहा अभियान

**खण्डवा ।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् जनसमुदाय में जागरुकता प्रसारित करने के उद्देश्य से 12 अगस्त से 12 अक्टूबर तक सघन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। नोडल अधिकारी डॉ. शक्ति सिंह राठौड़ ने बताया कि अभियान के तहत् हायर सेकेण्ड्री स्कूलों एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में ग्रामीणजनों को एकत्रित कर एड्स व इसके नियंत्रण के बारे में जानकारी दी जा रही है। एच.आई.वी. के संक्रमण फैलने के चार कारण है संक्रमित सुई अथवा सिरिंज के द्वारा, संक्रमित रक्तदान करने से, एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति या व्यक्तियों के साथ



शारीरिक यौन संपर्क से, संक्रमित गर्भवति माता से उसके होने वाले बच्चे को होता है।

नोडल अधिकारी डॉ. राठौड़ ने बताया कि एड्स बीमारी है जो लाइलाज है इसमें सावधानी ही उत्तम इलाज है जैसे किसी एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित यौन संपर्क करने से, एच.आई.वी. संक्रमित रक्त या रक्त उत्पाद चढ़ाने से, ऐसी एच.आई.वी. संक्रमित सुईयां इस्तेमाल करने से जिन्हें विसंक्रमित न किया हो, एच.आई.वी. संक्रमित गर्भवति स्त्री से उसके बच्चे को गर्भावस्था में या प्रसव के दौरान व स्तनपान से होता है। एड्स किन कारणों से नहीं होता है एच.आई.वी./एड्स संक्रमित व्यक्ति से हाथ मिलने से, एक साथ रहने से, साथ में खाना खाने से बर्तन, कपड़े, बिस्तर, शौचालय, स्वीमिंग पूल इत्यादि के सामूहिक उपयोग से, खाँसने, छींकने या हवा से, मच्छरों के काटने या घरों में पाये जाने वाले कीड़े-मकोड़े के काटने से एच.आई.वी. संक्रमण नहीं होता है।

नोडल अधिकारी डॉ. राठौड़ ने बताया कि एच.आई.वी. जांच जिला अस्पताल में निःशुल्क होती है साथ ही परामर्श एवं जांच के लिये आई.सी.टी.सी. केन्द्र संचालित है।

जांच की रिपोर्ट गोपनीय रखी जाती है। नवजात शिशुओं में एचआईवी संक्रमण की रोकथाम के लिये सभी गर्भवती महिलाओं की गर्भावस्था के प्रथम तीन माह में जांच कराया जाना आवष्यक है। एच.आई.वी./एड्स से संबंधित जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1097 पर कॉल कर सकते है। ग्रामीणक्षेत्रों में एड्स काउंसलर श्री जितेन्द्र प्रजापति सी.एच.ओ. एवं ए.एन.एम. द्वारा जनसमुदाय को जानकारी देकर जागरुक किया जा रहा है।

# पर्युषण पर्व में बंद हो कत्लखाने - आईजा संगठन

धार। ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) के तत्वावधान में समग्र जैन समाज द्वारा मंगलवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्र को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन करते हुए आईजा जिलाध्यक्ष संदीप जैन ने बताया कि 31 अगस्त से 15 सितंबर तक स्वेताम्बर और दिगम्बर जैन समुदाय के पर्युषण पर्व होंगे।

### समग्र जैन समाज के पदाधिकारी रहे मौजूद



जैन समाज अहिंसा की राह पर चलने वाला समाज है। धार जिले में अवैध रूप से बूचड़खाने व खुले में मांस का विक्रय हो रहा हैं। जबकि माननीय सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि इन्हें बंद किया जाए। एनिमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इंडिया की एडवाइजरी के परिपालन में और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के निर्देश के परिपालन में संपूर्ण जिले में अवैध बूचड़खानों पर सख्ती से प्रतिबंध लगाए जाए। इसके अलावा जिले में सभी एसडीएम, तहसीलदार और नगर परिषद सीएमओ आदि नोडल अधिकारी को लिखित आदेश जारी किए जाए ताकि हर तहसील में भी बूचड़खाने बंद रखना सुनिश्चित हो। ज्ञापन सौपते जैन समाज अध्यक्ष अशोक जैन, वैश्य समाज अध्यक्ष विजय मेहता, समाजसेवी व ट्रस्टी प्रवीण गुप्ता, एडवोकेट सचिन जैन, नवनीत जैन, अनिल जैन, सिद्धार्थ जैन, आईजा के पदाधिकारी सुनील बाफना, कपिल पारिख, पीयूष जैन, अक्षय भंडारी, अशोक जैन, शुभम गादिया सहित विनय गुप्ता, दिगम्बर जैन समाज के पदाधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# भारत विकास परिषद खण्डवा द्वारा गुरु वंदन छात्र अभिनंदन प्रकल्प सम्पन्न

### गुरुओं का सम्मान कर छात्रों को किया पुरुस्कृत

**खण्डवा।** भारत विकास परिषद का नियोजित प्रकल्प गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम खंडवा शाखा द्वारा आज कमला नेहरू कन्या शासकीय विद्यालय में संपन्न हुआ मीडिया प्रभारी नारायण बाहेती ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में प्रांतीय प्रमुख डॉ शैलेंद्र महोदय एवं गोवर्धन गोलानी ने कहाकि छात्रों द्वारा गुरु का सम्मान एवं गुरु के द्वारा छात्रों के प्रति स्नेह आशीष का यह कार्यक्रम होता है। शाखा अध्यक्ष अनंत अरझरे ने शिक्षक को एक दीपक की तरह बताया जो कि खुद जलकर सभी बच्चों को रोशनी प्रदान करता है। अज्ञानता से ज्ञान के प्रकाश की ओ'ले जाता है, छात्र एक मिट्टी के घड़े जैसा होता है ,जिसे शिक्षक अनुशासन एवं परिपक्वता से एक विस्तृत आकार देकर उसका जीवन उत्कृष्ट बनाता है। स्कूल के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं द्वारा शाला के गुरु श्रीमती माया डोंगरे व श्रीमती आशा रीटा जान एवं सुरेंद्र सिंह सोलंकी का स्वागत एवं वंदन किया गया ।परिषद की ओर से सभी छात्रों को पुरुस्कार प्रदान किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई ।इस अवसर पर शाखा महिला प्रमुख श्रीमती प्रियंका पटेल द्वारा सभी बच्चो को पेन व बिस्कुट के पैकेट वितरित किए गए ।कार्यक्रम में महिला उपाध्यक्ष वर्षा महोदय ,अनामिका अरझरे , प्रीतम राठौर , हेमन्त आँगले , नारायण बाहेती,कान्हा पटेल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# टूर्नामेंट के चौथे दिन तक खेले गए 60 मैच

### पाँच दिवसीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता का समापन आज



**खंडवा।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में खेल और युवा कल्याण विभाग एवं अचीव टेनिस डेवलप सोसायटी (एटीडीएस) द्वारा पाँच दिवसीय टेनिस टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। टूर्नामेंट के इंटरमीडिएट में 26 और बिगनर वर्ग में 34 मैच इस तरह अभी तक कुल 60 मैच खेले गए, 12 मैच खेले जाना बाकी है। खेल और युवा कल्याण विभाग के जिला प्रशिक्षक (एनआईएस) अमीन अहमद ने बताया टूर्नामेंट दिनांक 25 से 29 अगस्त 2024 के बीच निमाड़ क्लब स्थित टेनिस कोर्ट पर आयोजित किया जा रहा है। लीग आधारित प्रतियोगिता में दोनों वर्गों में खिलाड़ियों को 36-36 मैच खेलना है। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 29 अगस्त 2024 को शाम 5ः00 बजे किया जाएगा।

# गोगा नवमीं पर शहर के प्रमुख मार्गो से निकला धार्मिक प्रसंगो पर आधारित झील मिलाती छड़ियों का कारवां

### सामाजिक संगठनों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर छडीयों एवं उनके प्रमुखों का किया स्वागत

**खंडवा।** शहर में मंगलवार का दिन उत्सव भरा रहा। गोगा नवमीं पर्व के दिन शाम को वाल्मीकि समाज द्वारा गोगा नवमीं पर धार्मिक प्रसंगो पर आधारित आकर्षक विद्युत सज्जा से सुसज्जित झिममिलाती छड़ियों का कारवां शहर के मुख्य मार्गो से निकाला गया। झिलमिलाती छड़ियों के साथ चल रहे अखाड़ों का विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व राजनीतिक पार्टियों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि मंगलवार को वाल्मीकि समाज द्वारा गोगा नवमीं का पर्व जश्न के रूप में मनाया गया। पर्व को लेकर समाजजनों में सुबह से ही उत्सव का माहौल रहा। शहर में स्थित वाल्मीकि समाज के कई क्षेत्रों में अपने कुलगुरू को खुश करने के लिए विभिन्न प्रकार की छड़ियों को आकर्षक रूप से सजाया गया। शाम होते ही छड़ियां अपने-अपने क्षेत्रों से निकलकर एक स्थान पर एकत्रित हुई। जहां से कतारबद्ध होकर इनका



कारवां निकल पड़ा। छड़ियों के जुलूस में जमकर थिरके युवा वाल्मीकि समाज। शहर भर में मुख्य स्थानों से निकाली जा रही छड़ियों में शामिल समाज के युवा ढोल की थाप पर जमकर थिरक रहे थे उनका उत्साह देखते ही बन रहा था। इसके साथ ही छड़ियों के साथ चल रहे डीजे की धुनों पर भी युवा नाच रहे थे, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि साड़ियों का यह करवा रात्रि 8ः00 बजे अपने-अपने स्थान से ही रवाना हुआ रात्रि 2ः00 बजे तक यह आयोजन चला वाल्मीकि समाज द्वारा निकाले गए चल समारोह का शहर के विभिन्न मार्गो पर विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संस्थाओं द्वारा स्वागत किया गया। बांबे बाजार, घंटाघर, रेलवे स्टेशन, बड़ाबम, टाउनहाल आदि स्थानों पर छड़ियों के स्वागत के साथ ही सभी छड़ियों को इन संस्थाओं द्वारा स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत भी किया गया। मुंबई बाजार में जीवन डिंडोरी मित्र मंडल द्वारा एवं घंटाघर पर दीना पंवार मित्र मंडल द्वारा भी छडीयों का स्वागत व सम्मान किया गया देर रात तक छड़ियों का चल समारोह चलता रहा। चल समारोह में पुलिस के जवान व जिला प्रशासन की टीम साथ चल रही थी। सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह पुलिस जवानों की ड्यूटी लगाई गई थी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी जवाहरगंज , गांधीनगर , सिंघाड़ तलाई, घासपुरा, रामकृष्णगंज वार्ड 16 खोली से लगभग 12छड़ियों जिसमें बाबा गोरखनाथ, शेषनाग पर विराजमान महालक्ष्मी विष्णु, कालिका माता, भगवान श्री राम हनुमान छड़ियों पर विराजमान थे छै स्थानों पर आकर्षक मंच बनाकर छड़ियों की पूजा अर्चना के साथ महंतों का पुष्पाहार से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। साथ ही छड़ियों के साथ आए ढोल पार्टी का भी स्वागत व सम्मान किया गया। जीवन डिंडोरे एवं दिना पवार मित्र मंडल के मंच पर भीमकुंड वाले बाबा दुर्गानंद जी महाराज ,सेवादास गणेश गुरबाणी, मुन्ना वर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठजन व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा नगर मंडल की सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशाला संपन्न ,नगर में 25 हजार सदस्य बनाएंगे

### भाजपा संगठन को मजबूती प्रदान करने का मुख्य आधार हमारा सदस्यता अभियान- मनोज सोमानी

**धार ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा दो सितंबर से चलाए जा रहे संगठन पर्व सदस्यता अभियान के तहत धार नगर भाजपा मंडल की एक दिवसीय कार्यशाला पार्टी जिला कार्यालय में बुधवार को संपन्न हुई । मंडल कार्यशाला को भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी मंडल कार्यशाला प्रभारी विनीत मंडलोई नगर मंडल अध्यक्ष विपिन राठौर ने संबोधित किया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र तथा संगठन महापुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इस दौरान भाजपा नेता डॉ शरद विजयवर्गी जिला पदाधिकारी प्रकाश धाकड़ निलेश भारती जगदीश जाट मनीष प्रधान भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा अनिल जैन बाबा ठाकरे मंडल अध्यक्ष नितेश अग्रवाल मंचासीन रहे। कार्यशाला में मंडल के प्रत्येक नगर केंदों पर चलने वाली सदस्यता अभियान के तहत कार्य योजना पर विचार विमर्श किया गया तथा शक्ति केंद्र सहयोगी बूथ केदो के प्रभारी की घोषणा भी की गई। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मनोज सोमानी ने कहा कि सनातन को जोड़ने का कार्य भाजपा कर रही है। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक संगठन है । संगठन पर्व सदस्यता अभियान पार्टी का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है जिसमें हम




सब कार्यकर्ता अपने मंडल के प्रत्येक नगर केंद्र के बूथ केंद्रों पर हर समाज के एवं केंद्र राज्य सरकार के लाभार्थी हितग्राहियों के घर-घर जाकर भाजपा का सदस्य बनाकर अपनी विचारधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा आज विश्व में कार्यकर्ताओं के परिश्रम और पराकाष्ठा से ही भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित है। यह सदस्यता अभियान प्रत्येक बूथ पर सदस्यता अभियान के माध्यम से संगठन का एक बहुत बड़ा बट वृक्ष तैयार होगा और वही हमारा आधार पूंजी रहेगा। हर समाज के व्यक्ति को पार्टी का प्राथमिक सदस्य बनाकर उनका सम्मान करना है। संगठन पर्व सदस्यता अभियान के कार्यशाला प्रभारी विनीत मंडलोई ने कहा कि सदस्यता अभियान का प्रारूप आपको सभी को जिला कार्यशाला में पुस्तक या पत्रक दी गई है जिसमें सदस्यता कैसे करना है संपूर्ण जानकारी मोबाइल नंबर भी उसे पर लिखा है सभी कार्यकर्ता घर-घर जाकर अपने मोबाइल से और लोगों के दूसरे मोबाइल से उन्हें प्राथमिकता की सदस्य से जोड़कर संपूर्ण जानकारी के साथ उनके पूरी जानकारी को भरते हुए उन्हें सदस्यता कार्ड बनाकर उनको दें। विपिन राठौर ने बताया कि धार नगर के दोनों मंडल मिलकर नगर में भाजपा के 25 हजार सदस्य बनाएंगे। आने वाले दिनों में शक्ति केंद्र और बूथ स्तर पर अभियान को लेकर कार्यशाला करना है। कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री राजेश डाबी ने किया व आभार नितेश अग्रवाल ने माना कार्यशाला में नगर पदाधिकारी मोर्चे प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने दी।

# फेस वन के स्विच यार्ड में शॉर्ट सर्किट के कारण करंट की चपेट में झुलसे कर्मचारी का जारी है इलाज

## मामला संत श्री सिंगाजी थर्मल पावर परियोजना से जुड़ा, किसकी लापरवाही से श्रमिक आया करंट की चपेट में जांच का विषय

**खंडवा /मुंदी।** संत सिंगाजी थर्मल पावर परियोजना के फेस वन के स्विच यार्ड में इलेक्ट्रिक कार्य के दौरान हुए शॉर्ट सर्किट की वजह से एक कर्मचारी के झुलस जाने का मामला सामने निकल कर आया है जिसमें तुरंत फुरंत में कर्मचारियों को खंडवा जिला चिकित्सालय इलाज के लिए पहुंचाया गया।

मामला कुछ इस तरह से है कि जहां फेस वन के स्विच यार्ड में इलेक्ट्रिक कार्य करने के दौरान विनायक कंपनी के एक कर्मचारी रोहित मोगरे पिता जालम सिंह निवासी जलकुआं स्विच यार्ड में इलेक्ट्रिकल कार्य कर रहा था जिसमें अर्थिंग जोड़ने के दौरान ब्रेकर फट जाने की वजह से युवक कार्य करते वक्त करंट की चपेट में आ गया था जिसकी सूचना युवक के साथी कर्मचारियों ने थर्मल पावर परियोजना और संबंधित कंपनी के ठेकेदार राधेश्याम मालवीय को दी इसके बाद जिम्मेदार करता-धर्ताओं के द्वारा युवक को खंडवा जिला चिकित्सालय इलाज के लिए ले जाया गया जहां वर्तमान में भी युवक का इलाज जारी है।



क्यों होते हैं थर्मल पावर में ऐसे हादसे से जिसमें कर्मचारी घायल होते हैं या फिर मौत के मुंह में समा जाते हैं कौन है जिम्मेदार? संत सिंगाजी थर्मल पावर परियोजना में अक्सर हादसे होते रहते हैं जिसमें केई बार तो अनगिनत कर्मचारी मौत के मुंह में समा चुके हैं या फिर गंभीर रूप से घायल होकर विकलांगता पूर्ण जीवन जीने पर मजबूर है और इन सब के बदले उन्हें मिलता क्या है 8 से ?10000 प्रति माह जबकि कार्य इतना जोखिम भरा है उसके बावजूद भी कर्ताधर्ताओं के द्वारा अपने जिम्मेदारी का निर्वहन सही तरीके से नहीं किया जाना भी ऐसे मामलों में प्रतीत होता है वही जिम्मेदारों के द्वारा हादसों के बाद पीड़ित व्यक्ति के परिवार को चंद रुपए की मदद कर दी जाती है लेकिन पीड़ित के ऊपर क्या बीत रही है यह पीड़ा तो वही जानता है वही संबंधित तो अपनी कर्तव्यों की इतिश्री समझ कर परिस्थितियों से इस तरह मुख मोड़ लेते हैं जैसे कुछ हुआ ही नहीं है ऐसे हादसो के जिम्मेदार कौन है और ऐसे जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई क्यों नहीं होती है यह भी बड़ा सवाल है जिसको हल करना निश्चित तौर पर मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के उच्च अधिकारियों को करना चाहिए अन्यथा कहीं कर्मचारी ऐसे हादसो का शिकार होकर गंभीर परिणाम भुगत सकते हैं। वर्तमान में विनायक कंपनी के सर्वसर्वा और संचालक राधेश्याम मालवीय हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इस कंपनी के पास थर्मल पावर के मेनपावर का लगभग 90% कार्य है। लेकिन सूत्र यह भी बताते हैं कि कंपनी के कर्मचारी या कंपनी में काम करने वाले लोगों से कम वेतन पर अधिक कार्य करवाने के कारण भी श्रमिक मानसिक रूप से परेशान रहते हैं वहीं श्रमिकों से कोल खाली करवाने का भी ट्रेनों के माध्यम से कार्य किया जाता है और इन सब में भी काफी लापरवाही बरती जाती है जहां श्रमिकों को सेफ्टी शूज हेलमेट और कार्य के दौरान गुड चना और मास्क देने का भी प्रावधान है लेकिन ज्यादातर जगह कार्य कर रहे श्रमिक इन सब चीजों से दूर रहकर के भी अपने परिवार का गुजरबसर करने के लिए कार्य करने के लिए मजबूर हो जा रहे हैं। थर्मल पावर में काम करने वाली विनायक कंपनी के कार्य की भी जांच होनी चाहिए जिससे कर्मचारियों को होने वाली परेशानियों से निजात मिले और उन्हें कलेक्ट्रेट के हिसाब से वेतनमान भी मिल सके अब इस मामले में उच्च अधिकारियों को ही कुछ करना होगा मगर सवाल यह है कि उच्च अधिकारी वह कौन से हैं जो इसमें पहल करके कर्मचारियों की समस्या का समाधान कर सके सूत्र यह भी बताते हैं कि ज्यादातर आलाधिकारियों के चहते ठेकेदार होने के कारण भी मालवीय को उच्च अधिकारियों का समर्थन प्राप्त है।

### थर्मल पावर परियोजना मैं कार्य करने वाले श्रमिकों के मामले में जिला प्रशासन को भी करनी होगी पहल

थर्मल पावर परियोजना में कार्य करने वाले श्रमिकों के हितों की सुरक्षा और उनके प्राणों की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ जिला प्रशासन को भी और श्रम विभाग के अधिकारियों को भी थर्मल पावर से जुड़े कर्मचारियों से 1-2-1 चर्चा कर उनके कार्यों की समीक्षा कर उसका उचित समाधान भी करना होगा अन्यथा यहां कार्य कर रहे कर्मचारी को हमेशा इस तरह की ही परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है अब देखना होगा कि प्रशासन के द्वारा थर्मल पावर परियोजना में कार्य करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर के जिम्मेदारों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है। इनका कहना है। हादसे में घायल युवक रोहित के बयान के साथ उसके अंकल और अन्य परिजनों का बयान ले लिया गया है एवं खंडवा में उच्च स्तरीय बर्न यूनिट नहीं होने से घायल युवक का उपचार इंदौर में जारी है।

**राधेश्याम मालवीय**
**चौकी प्रभारी बीड**
**फोटो-घायल श्रमिक**

## नगर निगम द्वारा छः दुकानों में की गई तालाबंदी की कार्यवाही , बकायादारों द्वारा बकाया राशि जमा न करना पड़ सकता है महँगा



**खंडवा।** आज उपायुक्त श्री एस आर सिटोले के नेतृत्व में शहर की विभिन्न दुकानों पर तालाबंदी एवं चलानी कार्यवाही की गई। शहर में आज भी ऐसी कई दुकानदार हैं जिनका मासिक किराया 800-1000 होने के बावजूद कई सालों से कर जमा नहीं किया गया। जो एक्यूम्युलेट होते होते हज़ारों लाखों का आँकड़ा पार कर गया है, इस पर सख़्त रवैया अपनातेहुए उपायुक्त श्री एस आर सिटोले के नेतृत्व में 6 दुकानों जिन्हें पहले भी चेतावनी दी गई थी उन पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई एवं 1 लाख 55 हज़ार रुपये किराया जमा कराया गया। श्री सिटोले ने कार्यवाही आगामी दिनों में भी जारी रखने के निर्देश दिये एवं उपस्थित सभी दुकानदारों को समय पर किराया जमा कराने का अनुरोध किया। आज की कार्यवाही में श्री सिटोले के अतिरिक्त प्रभारी बाज़ार अधिकारी श्री प्रकाश राजपूत, राजस्व निरीक्षक श्री रसीद सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मोरटक्का में आज होगी पोरवाड सहायक फंड की बैठक

**खंडवा/मोरटक्का।**

समाज के प्रतिभावान बच्चों को आर्थिक मदद पहुंचाने में पोरवाड़ सहायक फंड संस्था देवदूत साबित हो रही है ।संस्था के मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी एवं उपाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि दिगंबर जैन समाज के आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा एवं चिकित्सा में सहयोग करने के लिए पोरवाड़ सहायक फंड के सदस्यों की एक आज दोपहर 1.30 बजे मोरटक्का जिला खंडवा की जैन धर्मशाला में आयोजित की गई है। इस बैठक में खंडवा, सनावद,खरगोन,बड़वाह, इंदौर,महेश्वर,मंडलेश्वर, धामनोद,बेड़िया सहित प्रदेश के हजारों सदस्य शामिल होंगे। संस्था के उपाध्यक्ष आशीष चौधरी ने बताया कि इस बैठक में कमेटी एवं समाजजनों के विचार विमर्श से पात्र जरूरतमंद व्यक्ति का चयन कर आर्थिक रूप से मदद के लिए चयनित किया जाएगा।जैन समाज की यह संस्था 80 वर्षों से लगातार विद्यार्थियों की मदद करती आ रही है, जिसके फलस्वरूप अनेक बच्चे संस्था से सहयोग राशि प्राप्त कर उच्च पदों पर आसीत हुए हैं एवं सक्षम होने के बाद स्वयं एवं उनका परिवार यथा संभव सहायक फंड में स्वेच्छा से इस उद्देश्य से दान दे रहे है,ताकि समाज के अन्य जरूरतमंदों को इसका लाभ मिल सकें। संस्था अध्यक्ष राजमल जैन एवं महामंत्री निशिथ जैन महल ने पोरवाड़ सहायक फंड सदस्यों से अपने सकारात्मक सुझावों के साथ मोरटक्का जैन धर्मशाला में आज होने वाली बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है।

## कलस्टर मुख्यालय गुड़ी में प्रशिक्षण प्राप्त किया 11 ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं पंचों ने

**गुड़ी।** पंचायत राज प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर के तत्वधान में सतत् विकास के लक्ष्य एवं सामान्य उन्मुखीकरण के तहत् निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 से 28 अगस्त तक कलस्टर मुख्यालय ग्राम पंचायत गुड़ीखेड़ा में आयोजित किया गया।



प्रशिक्षणकर्ता वी.पी.ओ. श्री अनारसिंग तोमर, जनपद पंचायत पंधाना, ए.डी.ओ. श्री नरेन्द्र तिवारी एवं भाग्यश्री सोनी द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण केन्द्र में 21-22 अगस्त को ग्राम पंचायत गुड़ीखेड़ा, सेमल्या व हांडियाखेड़ा के सरपंच क्रमशः श्रीमति प्रमिला बाई नंदकिशोर जायसवाल, श्रीमति मनीषा बाई हौसीलाल राठौर, श्रीमति तुलसा बाई हरेराम उईके तथा सभी पंचगण शरीक रहे। 23-24 अगस्त को ग्राम पंचायत भिलाईखेड़ा, गुजरीखेड़ा, बामंदा तथा बोरखेड़ा खुर्द के सरपंच श्रीमति सायदा बी यासीन खां, श्री सुंदरलाल, श्रीमति किरण बाई राधेश्याम यादव व श्रीमति शाक्क्षी बाई रूमसिंह एवं समस्त पंचगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार 27-28 अगस्त को ग्राम पंचायत गोंड़वाड़ी रैयत के सरपंच श्री मंशाराम मार्को एवं पंचगण, ग्रा.प. भूतनीखेड़ा की सरपंच श्रीमति कविता बाई सुरजीत सिंह मार्को व सभी पंचगण, ग्रा.प. छिरवा के सरपंच श्री दिलीप सिंग जमरा एवं पंचगण तथा ग्रा.प. गौलखेड़ा की सरपंच श्रीमति सोनीया बाई भोला कनाड़े सहित समस्त पंचगण ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अवसर पर उपयंत्री श्री महेश भावसार उपस्थित रहे। व्यवस्थित व्यवस्था कर प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने में गुड़ी ग्राम पंचायत के सरपंच-सचिव श्रीमति प्रमिला जायसवाल एवं श्री विकासचंद्र पाराशर जी के उल्लेखनीय

## आज होगा चालिहा पर्व का विशाल आम भंडारा, प्रसादी घर ले जाने हेतु टिफिन व्यवस्था नहीं रहेगी



**खंडवा।** सिंधी कॉलोनी स्थित प्राचीन श्री झूलेलाल मंदिर में श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल के तत्वावधान में सिंधी समाज द्वारा 40 दिनों तक निर्विघ्नं रुप से चालिहा पर्व बड़ी श्रद्धा आस्था के साथ मनाया गया। समाप्ति पर 24 अगस्त को 21 जोडो व्दारा हवन यज्ञ पश्चात बहराणा साहिब का विशाल चल समारोह निकाला गया एवं महाआरती की गयी। आज 29 अगस्त दोपहर 12 बजे से मंदिर परिसर में विशाल भंडारा आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए मंडल अध्यक्ष मोहन दीवान एवं प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि समाजजनों द्वारा पूर्ण श्रद्धा एवं विश्वास के साथ रखे गयें वरुणावतार भगवान श्री झूलेलाल जी के 40 दिनों तक कठिन उपवास निर्विघ्नं रुप से सम्पन्न हुये। श्री मंगवानी ने कहा कि उपवास समाप्ति के बाद कुछ तीज त्यौहार आ जाने से आज गुरूवार 29 अगस्त को चालिहा पर्व का विशाल आम भंडारा मंदिर परिसर में दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक जारी रहेगा। पूज्य सिंधी पंचायत एवं गणमान्यजनों के निर्णयानुसार इस बार श्री प्रसादी घर ले जाने हेतु अलग से टिफिन व्यवस्था नहीं रहेगी। समस्त धर्म प्रेमी जनता से समय पर आकर विशाल आम भंडारे का लाभ लेने की अपील श्री पूज्य सिंधी पंचायत, श्री झूलेलाल नवयुवक मंडल, श्री झूलेलाल समर्थ पैनल, श्री पीपलेश्वर झूलेलाल भजन मंडली के सदस्यों द्वारा की गयी है।

## अरविंद कुमार नितिन कुमार स्कूल में इको फ्रेंडली गणेशजी की मूर्ति बनाने का दिया प्रशिक्षण

**खंडवा ।** पर्यावरण की रक्षा एवं हमारे जल स्रोतों की रक्षा और सुरक्षा के लिए खंडवा के सराफा व्यवसायी एवं कला प्रेमी मूर्तिकार धर्मेंद्र जौहरी वर्षो से भगवान श्री गणेश की मिट्टी की प्रतिमाएं बनाने का कार्य कर रहे हैं,साथ ही निशुल्क रूप से स्कूलों एवं सामाजिक संस्थाओं में जाकर लोगों को भगवान श्री गणेश की मिट्टी की प्रतिमा बनाना भी सिखाते हैं, एक अच्छा प्रयास पर्यावरण के क्षेत्र में उनके द्वारा किया जा रहा है, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि धर्मेंद्र जोहरी द्वारा लगभग 8000 से ज्यादा मिट्टी की प्रतिमाएं भगवान श्री गणेश की बना चुके हैं, धर्मेंद्र जोहरी का कहना है कि गणेश महोत्सव के दौरान प्लास्टर ऑफ पेरिस एवं केमिकल युक्त प्रतिमाओं को विराजमान करने के बजाय मिट्टी की भगवान श्री गणेश की प्रतिमा विराजमान करें ताकि किसी भी



प्रकार का पर्यावरण एवं जीव जंतुओं को नुकसान ना हो, सुनील जैन ने बताया कि 28 अगस्त बुधवार को धर्मेंद्र जोहरी द्वारा अरविंद कुमार नितिन कुमार स्कूल में समस्त विद्यार्थिओं को मिट्टी से गणपति कैसे बनाये जाते हैं,इसका क्या महत्व है, पर्यावरण को, जल को प्रदुषण से कैसे रक्षा की जा सकती है आदि बातों की जानकारी देते हुवे गणपति बनाना सिखाया गया जिससे विद्यार्थी गण लाभान्वित हुए,सभी विद्यार्थियों ने कहा कि जो प्रतिमा हमारे द्वारा निर्मित की गई है गणेश महोत्सव पर घरों में इस प्रतिमा को विराजमान किया जाकर पूजा अर्चना की जाएगी एवं विसर्जन किया जाएगा, संस्था प्राचार्य जसमीत कौर साहनी, सतीश पटेल द्वारा धर्मेंद्र जौहरी का स्वागत एवम प्रशिक्षण हेतु आभार व्यक्त किया।स्कूली बच्चे के साथ मूर्तिकार

## दर्द भरे नग्मों के देवता मुकेश की 48 वीं पुण्यतिथि मनाई

**खंडवा।** आवारा हूँ या गर्दिश में आसमान का तारा हूँ, मेरा जूता है जापानी फिर भी है दिल है हिन्दुस्तानी... जैसे गीतों ने हिन्दुस्तान ही नहीं विदेशों में भी धूम मचाने वाले गायक स्वर मुकेश की 48 वीं पुण्यतिथि सुर साधकों ने मनाई! घंटाघर चौक स्थित किशोर दा संगीत साधना केन्द्र पर मुकेश जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत 9 बजे से की गई। हरीश गंगराड़े ने संस्मरण सुनाते हुए कहा मुकेश जी ने हजारों गीतों को अपने स्वर से अमर कर दिया,कुछ फिल्मों में उन्होंने अभिनय भी किया। ये मेरा दीवाना पन है.., आदमी हूँ आदमी से प्यार करता हूं..,मुबारक हो सबको समां ये.., हमने अपना सब कुछ खोया.., इक हसरत थी कि आँचल का..,आज तुमसे दूर होकर.., इक



दिन बिक जाएगा.., जिन्हें हम भूलना चाहें.., मेरी तमन्नाओ की.., दीवानों से ये मत.., मेरा जूता है जापानी, तौबा ये मतवाली चाल, सुहानी चाँदनी रातें.. गीत पेश किए गए।संगीत महफिल में चन्द्र शेखर मिश्रा, संजय पंचोलिया, सुनील सोमानी, संजय मुदिराज, सुशील गौर, हरीश गंगराड़े, संतोष मोखले, सुनील टोलिवाल, विनय शुक्ला, आनंद जोशी, प्रदीप पास्कल,आदिता पास्कल, पवन दीक्षित ने कराओके ट्रेक संगीत पर प्रस्तुतियां दी। इस अवसर पर राम गुप्ता, हरिकेश लाड़, संजय लाड़, नवीन चन्द्र नागड़ा, अशोक पारवानी, रानी दीक्षित उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संजय पंचोलिया ने किया।

## लॉकअप में आदिवासी की मौत का मामला... कांग्रेस नेताओं की टीम ने आज पंधाना में दौरा कर किया मौका मुआयना

### चार सदस्यीय टीम ने खंडवा पहुँचकर कलेक्टर-एसपी से की मुलाकात

### मामले में आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की

### मृतक के परिवार को एक करोड़ रुपये आर्थिक सहायता देने की मांग की

**खंडवा।** पंधाना थाने के लॉकअप में आदिवासी युवक की आत्महत्या की जांच के लिए कांग्रेस ने कमेटी का गठन किया गया था। जिसमें कांग्रेस के नेता पोरलाल खरते, भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी, भगवानपुरा विधायक केदार डाबर और बड़वानी विधायक राजेंद्र मंडलोई शामिल थे। जांच दल ने बुधवार को पंधाना में थाने पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया एवं डी एस पी हेड क्वार्टर अनिल चौहान एवं थाना प्रभारी दिलीप देवड़ा से चर्चा करने के बाद मामले में आरोपी पुलिस के अधिकारियों पर कार्रवाई को लेकर खंडवा पहुँचकर कलेक्टर-एसपी से मुलाकात की। जिला कांग्रेस प्रवक्ता प्रेमांशु जैन ने बताया कि मंगलवार को भीकनगांव आदिवासी विधायक झूमा सोलंकी द्वारा युवक धर्मेंद्र के पैतृक गांव नेमित (भीकनगांव विधानसभा क्षेत्र) में परिजन से मुलाकात की थी। सोलंकी से मृतक की पत्नी बच्चे और माता-पिता ने पुलिस द्वारा मारपीट किए जाने का आरोप लगाया। सोलंकी ने बताया परिजन ने बताया कि चार दिन तक युवक पुलिस चड्डी में लेकर पंधाना दीवाल सहित नेमित गांव तक जांच के लिए पहुंची थी।

जहां पर युवक की झोपड़ी में पैसे तलाश करने का पुलिस वालों ने काम किया। पुलिस ने बर्बरतापूर्वक युवक के साथ अमानवीय कार्य किया। जिसे लेकर कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मामले की जांच हेतु चार सदस्यीय दल का गठन किया था। इसी के तहत बुधवार को दोपहर 4 बजे के लगभग जांच दल ने खंडवा



कलेक्टर अनूप कुमार सिंह एवं एस पी मनोज राय से कलेक्टर कार्यालय पहुँचकर मुलाकात कर मामले में आरोपी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग एवं अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा।

ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि चार सदस्य वाली जांच कमेटी के समक्ष मृतक परिवार के सदस्यों द्वारा निम्नानुसार शासन से माग की गई है जिसका विवरण निम्नानुसार है। उक्त घटना की उच्च स्तरीय जाँच कमेटी गठित कर गंभीरतापूर्वक प्राथमिकता से समयावधि में जाँच की जाये तथा मृतक के दोषियों पर हत्या का प्रकरण दर्ज करें,

मृतक के परिवार को अर्थिक सहायता राशि एक करोड रूपये तत्काल प्रदाय की जाये।,मृतक के परिवार के किसी भी पढ़े लिखे सदस्य को शासकिय नौकरी प्रदाय की जायें एवं आदिवासी समुदाय पर अत्याचार होने की घटनाओ की पुनरावृत्ती न हो इसके लिए ठोस योजना बनाकर कार्य करना एवं उक्त घटना को शासन द्वारा गभीरता से लेते हुए अपनी संवेदनशीलता दिखाकर उक्त समस्त माँगो पर विचार कर अतिशिघ्र आदेश जारी कर मृतक परिवार को सहायता उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करे।ज्ञापन का वाचन भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी ने किया। इस अवसर पर चार सदस्यीय गठित समिति के कांग्रेस नेता खरगोन लोकसभा कांग्रेस प्रत्याशी पोरलाल खरते, खंडवा लोकसभा प्रत्याशी नरेंद्र पटेल,भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी, भगवानपुरा विधायक केदार डाबर, बड़वानी विधायक राजेंद्र मंडलोई के साथ पूर्व विधायक राजनारायण सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष ओंकार पटेल,पंधाना विधानसभा प्रत्याशी रुपाली बारे,आलोक सिंह रावत,जिला प्रवक्ता प्रेमांशु जैन,अय्यूब लाला,धर्मेंद्र सिंह राठौर,संजय पाटीदार,संजीव पटेल,नेता प्रतिपक्ष दीपक मुल्लु राठौर,प्रियेश चौकडे,अक्षत अग्रवाल सहित कांग्रेस नेतागण उपस्थित थे।





### केवल 5 दिनों में टूटा पिछले वर्ष का रिकॉर्ड

# नरेला रक्षाबंधन महोत्सव : पांचवें दिन मंत्री श्री विश्वास सारंग को 41 हज़ार 526 बहनों ने बांधी राखी

## अभी तक 1 लाख 54 हजार 548 बहनों ने बांधी राखी

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग बुधवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 44, 39,40 व 75 में आयोजित नरेला रक्षाबंधन महोत्सव में बहनों से रक्षा-सूत्र बंधवाने पहुंचे। महोत्सव के पांचवे दिन मंत्री श्री सारंग को 41 हज़ार 526 बहनों ने राखी बांधी। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष केवल 5 दिनों में ही 1 लाख 54 हजार 548 बहनों ने मंत्री श्री सारंग को रक्षासूत्र बांधे। कार्यक्रम में नरेला विधानसभा के साथ ही आसपास के क्षेत्रों से भी बहनें मंत्री श्री सारंग को राखी बांधने पहुंची थी।

## यह भाई - बहन का रिश्ता जीवनपर्यंत रहेगा

मंत्री श्री सारंग ने बहनों से संवाद के दौरान कहा कि पिछले 15 वर्षों से हर वर्ष नरेला विधानसभा की लाखों बहनों का आशीर्वाद और स्नेह मिल रहा है। 2008 से शुरू हुआ यह पवित्र तारतम्य अनवरत जारी है । उन्होंने कहा कि बहनों के स्नेह और अपनत्व के भाव ने ही नरेला को एक सूत्र में पिरोकर परिवार बनाया है। यह रिश्ता जीवनपर्यंत बना रहेगा।

## पांचवें दिन बहनों के लिए अलग से लगाए टेंट

बहनों के असीम स्नेह और अपार प्रेम को देखकर मंत्री श्री सारंग भावविभोर हो गए। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में बहनें मंत्री श्री सारंग को रक्षासूत्र बांधने विभिन्न क्षेत्रों से आई थी। कार्यक्रम स्थल पर बहनों के लिए टेंट की व्यवस्था की गई थी। लेकिन इस साल पिछले बार से भी अधिक संख्या में महिलाएं पहुंची थी। जिसको देखते हुए आयोजकों द्वारा आनन फानन में टेंट व कुर्सियों का इंतजाम किया गया।

## केवल 5 दिनों में टूटा पिछले वर्ष का रिकॉर्ड

उल्लेखनीय है कि विगत 15 वर्षों से विश्व के सबसे बड़े रक्षाबंधन महोत्सव में प्रतिवर्ष मंत्री श्री सारंग को रक्षा-सूत्र बांधने पहुंचती हैं। पिछले वर्ष हुए आयोजन में 1 लाख 42 हज़ार से अधिक बहनें शामिल हुई थीं। वहीं इसबार यह रिकॉर्ड 5 दिनों में ही 1 लाख 54 हज़ार के पार हो गया।

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण

मंत्री श्री सारंग ने रक्षाबंधन महोत्सव में सम्मिलित होने से पूर्व वार्ड 44 सुभाष नगर खेल मैदान में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आवाह्न एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पूज्य माता स्व. प्रसून सारंग की पुण्य स्मृति में पौधारोपण करते हुए। सभी से पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने की अपील की।

## बहनों के लिए गाया गीत

कार्यक्रम में मथुरा के कलाकारों द्वारा सुमधुर भजनों एवं देशभक्ति गीतों की भी प्रस्तुति दी गयी। इस अवसर पर मंत्री श्री सारंग ने बहनों के लिए गीत गाया। सभी बहनों ने फोन के टॉर्च चलाकर भैया विश्वास का अभिवादन किया।

## क्षेत्र वासियों ने किया भव्य स्वागत

नरेला रक्षाबंधन महोत्सव में मंत्री श्री सारंग के आगमन क्षेत्रवासियों द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल तक विभिन्न स्थानों पर स्वागत मंच बनाये गए थे। जहां भारी संख्या में उपस्थित बहनों ने मंत्री श्री सारंग पर पुष्प वर्षा कर उनका स्नेहिल स्वागत किया।

## अंतिम दिन 29 अगस्त गुरुवार को यहां होंगे कार्यक्रम

- वार्ड 76 छोला दशहरा मैदान, सुबह 11 बजे
- वार्ड 69 दुर्गाधाम मंदिर, दोपहर 1 बजे
- वार्ड 41 सोनिया कॉलोनी, दोपहर 3 बजे
- वार्ड 58 सर्जना पार्क, शाम 4 बजे

## मप्र महिला अत्याचार में पहले नंबर पर

इंदौर। कांग्रेस के नारी न्याय आंदोलन का दूसरा चरण बुधवार को भोपाल से शुरू हुआ। महिला कांग्रेस की सदस्यों ने भोपाल के रोशनपुरा चौराहे पर धरना-प्रदर्शन किया। इसमें पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा और महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल शामिल हुईं। यहां से कार्यकर्ता राजभवन के लिए रवाना हुईं, लेकिन पुलिस ने उन्हें पहले ही रोक लिया। इस पर महिला नेताओं ने नारेबाजी शुरू कर दी।

प्रदर्शन के दौरान गर्मी की वजह से विभा पटेल को चक्कर आ गया। वे नीचे बैठ गईं। साथी कार्यकर्ताओं ने उन्हें संभाला। सभा को संबोधित करते हुए विभा पटेल ने कहा कि महिला अत्याचार में मध्यप्रदेश पहले नंबर पर है। यहां हर दिन रेप की 17 घटनाएं सामने आती हैं। ऐसे में महिलाओं के लिए बने कानून को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता है। अपराधियों में खौफ होना चाहिए लेकिन ऐसा नहीं होता। पीड़ित को भटकना पड़ता है। आर्थिक, सामाजिक और यौन उत्पीडन्, महिला आरक्षण, जातिगत जनगणना, बेलगाम महंगाई, चौपट स्वास्थ्य व्यवस्था जैसे कई मुद्दे हैं। हम यह भी चाहते हैं कि लाड़ली बहनों की लिस्ट से काटे गए नाम वापस जोड़े जाएं।

# प्रभार मिलने के बाद मंत्री पड़े सुस्त

इंदौर। मप्र सरकार के मंत्रियों को जिलों का प्रभार सौंप दिया गया है। माना जा रहा था कि जिलों का प्रभार मिलते ही मंत्रियों के दौरे तेज हो जाएंगे। लेकिन देखा जा रहा है की जिलों का प्रभार मिलने के बाद से अधिकांश मंत्री सुस्त पड़ गए हैं। स्थिति यह है कि कई मंत्री तो अपने प्रभार वाले जिले में पहुंच भी नहीं पाए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में सरकार गठन के आठ महीने बाद मंत्रियों को उनके प्रभार के जिले तो आवंटित हो गए लेकिन झंडावंदन के बाद ज्यादातर जिलों में समीक्षा बैठकों के लिए प्रभारी मंत्रियों का इंतजार बना हुआ है।

गौरतलब है कि स्वतंत्रता दिवस से दो दिन पूर्व मंत्रियों को जिलों का प्रभार सौंपा गया है। कई मंत्री ऐसे हैं जिन्हें दो जिलों का प्रभार मिला है। ये मंत्री 15 अगस्त को एक जिले में पहुंचे और झंडा फहराया। उसके बाद कई मंत्री ऐसे हैं जो दूसरे जिले में आज तक नहीं पहुंच पाए हैं। झंडावंदन के बाद जिन जिलों में प्रभारी मंत्री का प्रवास नहीं हुआ। इनमें रीवा, कटनी, गुना, सिंगरौली, राजगढ़, उमरिया, अनूपपुर, डिंडौरी, सिवनी, बालाघाट, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, दमोह, पांढुर्णा, खरगोन, धार, नीमच, मंदसौर, बड़वानी व अलीराजपुर शामिल हैं। अफसरों के साथ मंत्रियों का संवाद परिचय तक ही सीमित रहा।

## कुछ मंत्री कर चुके हैं समीक्षा बैठक

प्रदेश सरकार के कुछ मंत्री ऐसे हैं जिन्होंने अपने प्रभार के जिले में समीक्षा बैठक कर ली है। ग्वालियर के प्रभारी मंत्री तुलसी सिलावट अधिकारियों के साथ योजनाओं की समीक्षा कर चुके हैं जबकि मंत्री चेतन काश्यप ने भोपाल के अफसरों को सितंबर फर्स्ट वीक में बैठक बुलाने के निर्देश दिए हैं।

जबलपुर व इंदौर को अभी इंतजार है जबकि 29 को भिंड-टीकमगढ़ और रतलाम में पहली समीक्षा बैठक के लिए 28 अगस्त का दिन तय हुआ है। कई जिलों में तारीख अभी तय होना बाकी है। वरिष्ठ मंत्रियों को दो-दो जिले और 8 जूनियरों को सिंगल जिले की जवाबदारी सौंपी गई है। सीएम ने इंदौर का प्रभार अपने पास रखा है। बताया जाता है कि स्वतंत्रता दिवस के बाद रक्षाबंधन और जन्माष्टमी पर्व के चलते छुट्टियों का माहौल बना रहा। मंत्रीगण भी अपने क्षेत्रों में व्यस्त रहे, जिन मंत्रियों के पास पड़ौस के जिलों का प्रभार है उनके औपचारिक दौरे हो चुके हैं। डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला सागर-शहडोल और जगदीश देवड़ा के पास जबलपुर एवं देवास का प्रभार है।

## कहीं बैठकें हुईं तो कहीं एजेंडा तय

देवास में पिछले सप्ताह उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने अधिकारियों की बैठक ली। रतलाम में मंत्री विजय शाह ने 28 अगस्त को बैठक तलब की है। भिंड में मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 29 अगस्त को समीक्षा करेंगे। टीकमगढ़ में मंत्री कृष्णा गौर ने 29 अगस्त को बैठक बुलाई है। बैतूल में मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने 24 अगस्त को बैठक बुलाई थी जो स्थगित हो गई। सितंबर के प्रथम सप्ताह में समीक्षा होगी।

# बेटे भाग्य से होते हैं और बेटियां सौभाग्य से होती है, चौकसे परिवार में जन्मी दूसरी लाड़ली लक्ष्मी का भी आतिशबाजी और ढोल ताशो की धुन पर हुआ भव्य घर आगमन

**नेपानगर, राष्ट्रीय जनभावना।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से प्रभावित होकर चौकसे परिवार ने बेटी के जन्म पर किया भव्य स्वागत नेपानगर के बुधवार मार्केट निवासी कॉन्ट्रेक्टर विजय चौकसे के घर कन्या ने लिया जन्म - कन्या के जन्म को चौकसे परिवार ने मनाया जश्न के रूप में कन्या के घर पहुंचते ही आतिशबाजी ढोल ताशे और पुष्प वर्षा कर कन्या और माता-पिता का परिवार जनों ने किया भव्य स्वागत कन्या के इस तरह गृह प्रवेश और स्वागत देख हर कोई प्रसन्नता पूर्वक आयोजन को देखा नजर आया द्य विजय चौकसे के घर दो वर्ष पहले भी बड़ी बेटी मनुश्री के जन्म पर इसी तरह भव्य स्वागत किया गया था अब दो वर्ष बाद चौकसे परिवार में दूसरी बेटी के जन्म उपरांत भी जश्न का माहौल है छोटी बिटिया अवंशी के प्रथम बार घर आगमन पर चौकसे परिवार ने एक बार फिर समाज को बेटियों के प्रति सम्मान और आदर का भाव रखने का संदेश देने का एक प्रयास किया है बेटियो को समाज में बेटों के बराबरी का मान-सम्मान दिलाने के लिए चलाए जा रहे तमाम सरकारी व गैर-सरकारी अभियान का असर अब मध्य प्रदेश में दिखता नजर आ रहा है लोग अब बेटी के जन्म पर की भी खुशी मनाते हैं। नेपानगर के चौकसे परिवार ने तो कमाल ही कर दिया, परिवार में बेटी के जन्म की खुशी में दिवाली से पहले ही दिवाली मना ली। घर को फूलों से सजा दिया, ढोल-बाजों और आतिशबाजी के साथ 'लक्ष्मी ' का स्वागत किया। नेपानगर मध्य प्रदेश के बुरहानपुर जिले की एक प्रमुख औद्योगिक नगरी है जो अखबारी कागज बनाने की मिल के लिए प्रसिद्ध है। लेकिन इन दिनों यह नगर यहां के प्रतिष्ठित मीडियाकर्मी नरेश चौकसे के परिवार की वजह से चर्चा में है। नरेश चौकसे के छोटे भाई श्री विजय चौकसे की धर्मपत्नी मोहिनी चौकसे ने तीन महीने पहले महाराष्ट्र के अमरावती के मोर्शी



कस्बे में अपनी दूसरी पुत्री अवंशी को जन्म दिया । बीते मंगलवार को पहली बार बिटिया अवंशी अपने घर आ रही थी। बिटिया अवंशी की दादी श्रीमती अंजू चौकसे, ताऊजी श्री नरेश चौकसे और ताईजी श्रीमती पूजा चौकसे उसे देखने को लेकर इस कदर उत्साहित थे, कि उसके आगमन को गृहप्रवेश का रूप दे दिया। अवंशी के स्वागत में पूरे घर को फूलों से सजा दिया गया। घर के प्रवेश द्वार से लेकर उसके कमरे तक जाने के रास्ते को गुलाब के फूलों से पाट दिया। नन्ही अवंशी के बिस्तर को फूलों से सजाया गया। मंगलवार की श्याम घर के बाहर विजय चौकसे और उनकी पत्नी श्रीमती मोहिनी चौकसे जैसे ही अपनी नन्ही परी को गोद में लेकर अपनी कार से उतरे, वैसे ही पुष्प वर्षा होने लगी आतिशबाजी धूम-धड़ाके गूंज उठे। ढोल-बाजों की धुन पूरे परिवार ने नाच-गाकर नन्ही अवंशी का स्वागत किया। ताऊ नरेश चौकसे और ताईजी पूजा चौकसे ने आरती उतार कर तिलक लगाया। पुष्प वर्षा के साथ अवंशी का गृह प्रवेश कराया गया, अवंशी की दादा ने उसके नन्हे-नन्हे पांवों को महावर में डुबोकर रेशमी कपड़े पर उनकी छाप ली। इस तरह अवंशी का गृहप्रवेश हुआ। पूरे मोहल्ले में मिठाई बांटी गई। घर में बेटी का ऐसा स्वागत देखकर हर कोई दंग रह गया। पत्रकार नरेश चौकसे ने चर्चा में बताया कि हम दो भाइयों के परिवार में कोई बेटी नहीं थी। उनका एक बेटा रुद्र चौकसे है, लेकिन कोई बेटी नहीं थी ऐसे में छोटे भाई विजय की अब दो बेटी हमारे लिए ईश्वर की ओर से भेजी गई खुशी की सौगात है। नरेश चौकसे ने कहा कि बेटियां भी बेटों से कम नहीं होतीं। बेटियां आज पूरे देश मे उच्च पदों पर आसीन हैं, यहां तक कि देश की प्रेसिडेंट भी एक महिला ही है। हमारे बुरहानपुर जिले की दोनों विधानसभा बुरहानपुर एवं नेपानगर में भी मातृशक्ति मा. अर्चना चिटनीस , मा. मंजू दादू विधायक है हमारे जिले की कलेक्टर भी एक महिला ही है पूरे भारत देश में किसी भी मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों से कम नहीं है मध्य प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ इन्हीं संदेशों से प्रेरित होकर हमारे घर जन्मी कन्या का हमने भव्य स्वागत कर प्रदेशवासियों को एक छोटा सा संदेश देने का प्रयास किया है कि बेटियों को बेटों से कम ना आंका जाए उन्हें भी बराबरी का सम्मान दिया जाए बेटियां हर मोर्चे पर बेटों से एक कदम आगे होती है .

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए डीबी कार्प प्रॉ.लि. प्रेस, 44-46/ए, सेक्टर - एफ , इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड, इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com